

प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika


राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# हरियाणा वाटिका

लोहारू से प्रकाशित

सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 222 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 सोमवार, 16 जून 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495




## गुरुग्राम के बाद रेवाड़ी को बनाना है अगला विकास केंद्र

धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आने वाले वर्षों में रेवाड़ी जिला रोजगार सृजन के क्षेत्र में गुरुग्राम की तर्ज पर एक सशक्त और अग्रणी केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि गुड़गांव, जो एक समय छोटी नगरपालिका थी, आज हरियाणा का आर्थिक केंद्र बन गया है। रेवाड़ी को भी गुरुग्राम की तर्ज पर औद्योगिक और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में विकसित किया जाए ताकि युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और प्रगति के अवसर मिल सकें। रेवाड़ी अगला प्रमुख विकास केंद्र बन सकता है, बशर्ते यहाँ सही और समयबद्ध निवेश तथा योजनाएं लागू की जाएं। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी क्षेत्र ने हरियाणा में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को तीसरी बार सत्ता में लाने में अहम भूमिका निभाई है। जनता को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है और उम्मीद है कि पिछले दस वर्षों में जो विकास कार्य हुए हैं, वे भविष्य में और तेज गति से आगे बढ़ेंगे। जलभराव और गंदे पानी की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मैसानी बैराज में राजस्थान सीमा से आ रहे औद्योगिक अपशिष्ट जल के कारण स्थानीय पर्यावरण और भूजल स्त्रोत प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस गंदे पानी की निकासी और शुद्धिकरण के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए।

# रेवाड़ी को मिला विकास का तोहफा, सीएम ने खोला घोषणाओं का पिटारा

### इस हादसे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है, जबकि हादसे में दो लोगों की मौत हो गई

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रेवाड़ीवासियों को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए घोषणाओं का पिटारा खोला। उन्होंने रेवाड़ी की पानी की आपूर्ति के लिए भगवानपुर में 9 एकड़ 7 कनाल भूमि में अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक के निर्माण के लिए 50 करोड़ 58 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, गांव डूंगरवास में पीने के पानी के लिए बूस्टिंग स्टेशन और नई पाइन लाइन बिछाने के लिए 7 करोड़ 20 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही, गांव गोकुलपुर में वॉटर वर्क्स के निर्माण और नई पाइप लाइन बिछाने के लिए 5 करोड़ 6 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री आज रेवाड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने रेवाड़ी में 288 करोड़ 31 लाख रुपये लागत की 15 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 193 करोड़ 94 लाख रुपये की लागत की 8 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 94 करोड़ 37 लाख रुपये लागत की 7 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि रेवाड़ी में






भूमि उपलब्ध होने पर एक बड़ी लाइब्रेरी बनाई जाएगी। साथ ही, रेवाड़ी में मार्केट कमेटी के भवन के लिए भी 4 करोड़ 39 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पांच सड़कों के नवीनीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने 4 करोड़ 20 लाख रुपये की घोषणा की। इसी विभाग की 37.32 किलोमीटर की 18 सड़कों को संबंधित एजेंसी के माध्यम से ठीक करवाया जाएगा। इसके अलावा, रेवाड़ी में 18.48 किलोमीटर की 12 अन्य सड़कों की स्पेशल रिपेयर के लिए 3 करोड़ 36 लाख रुपये, 37.59 किलोमीटर की 25 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 26 करोड़ 84 लाख रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेवाड़ी विधानसभा में पीडबल्यूडी की 90.99 किलोमीटर की 51 सड़कों की संबंधित एजेंसी के माध्यम से मरम्मत करवाई जाएगी। रेवाड़ी में 10.95 किलोमीटर की पांच सड़कों का निर्माण कार्य जल्द आरंभ हो जाएगा। इसके अलावा, रेवाड़ी शहर में सीवरेज की नई लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्नल राम सिंह चौक के पास फ्लाई ओवर की फिजिबिलिटी चेक करवाकर इसका निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा, भूमि उपलब्ध होने पर जिला नागरिक अस्पताल से ट्रामा सेंटर को नई जगह शिफ्ट किया जाएगा। धारूहेड़ा के अर्बन हेल्थ सेंटर को अपग्रेड कर पीएचसी बनाया जाएगा। नगर परिषद रेवाड़ी के नए भवन कार्यालय का निर्माण करवाया जाएगा।

# हरियाणा ने मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी हासिल की है : आरती सिंह राव

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2020-22) के अनुसार, राज्य में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 106 (2019-21) से घटकर 89 पर आ गई है, जो 17 अंकों का उल्लेखनीय सुधार है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों को दशार्ती है। मातृ मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि राज्य भर में समर्पित चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मचारियों



के ठोस प्रयासों के कारण इस अवधि के दौरान लगभग 300 और माताओं की जान बचाई गई। स्वास्थ्य विभाग मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका अंतिम लक्ष्य सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करना है, जो प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम मातृ मृत्यु दर है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय शुरू किए गए हैं। सभी सरकारी प्रसव केंद्रों का आधुनिकीकरण किया गया है और अब वे सुरक्षित और सम्मानजनक प्रसव अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दवाओं, उपकरणों और रसद से पूरी तरह सुसज्जित हैं। सी-सेक्शन करने में सक्षम नामित प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) की संख्या बढ़कर 87 हो गई है, जिससे समय पर आपातकालीन प्रसूति देखभाल सुनिश्चित हो रही है। इसके अलावा, एचआरपी मार्गदर्शन नोट के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की व्यवस्थित पहचान और प्रबंधन किया जा रहा है।

## शहीदों के प्रति संवेदनशीलता रखना हमारा दायित्व: कार्तिकेय

**जींद/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने रविवार को सफीदों उपमंडल के कालवा गांव के ययाति सूर्य कुंड मंदिर परिसर में पहुंचे। यहां पहुंचने राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राज्यसभा सांसद ने यहां शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पंचायतों को मिलेगा अब स्टाम्प ड्यूटी का सीधा लाभ: कृष्ण लाल पंवार

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए स्टाम्प ड्यूटी से प्राप्त कुल राजस्व का एक प्रतिशत पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय राज्य की पंचायत व्यवस्था के मद्देनजर ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद को वित्तीय रूप से मजबूत बनाकर, उन्हें अपने स्तर पर विकास कार्यों के संचालन में और अधिक स्वायत्तता देगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण भारत के सपनों को साकार करने के लिए ठोस रणनीति पर कार्य कर रही है, और यह निर्णय उसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

# मंडियों में पिट रही किसान की मक्का, आंखें बंद कर बैठी बीजेपी: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**चंडीगढ/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि एकबार फिर मंडियों में किसान की मक्का पिट रही है और सत्ताधारी बीजेपी आंखें बंद करे बैठी है। कुरुक्षेत्र, अंबाला, करनाल, कैथल और आसपास के क्षेत्रों की मंडियों में मक्की की आवक जोरो पर है। लेकिन किसानों को 2400 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की बजाए सिर्फ 1000 से 1400 रुपये का ही रेट मिल रहा है। पूरी तरह सूख चुकी फसल का रेट भी ज्यादा से ज्यादा 1800 रुपये ही मिल रहा है। हुड्डा ने कहा है कि बीजेपी सरकार सत्ता में आने के बाद से न




सिर्फ मक्की, बल्कि धान, गेहूं समेत तमाम फसलों की एमएसपी के लिए किसान तरस रहे हैं। इस सरकार ने तो बाकायदा कानून लाकर एमएसपी को खत्म करने की भी प्लानिंग कर ली थी। लेकिन किसान आंदोलन के चलते उसे कानून वापिस लेने पड़े। लेकिन अब सरकार अप्रत्यक्ष तरीके से अपने मंसूबों को अंजाम दे रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि सरकार द्वारा लगातार किसानों पर दबाव बनाया जाता है कि धान छोड़कर मक्का की खेती करो। इसके लिए हर साल प्रोत्साहन राशि का भी ऐलान किया जाता है। लेकिन हर बार किसानों को धोखा ही हाथ लगता है। ना उन्हें प्रोत्साहन राशि मिल पाती है और ना ही एमएसपी। बीजेपी ने चुनावों से पहले वादा किया था कि सत्ता में आते ही धान को 3100 रुपये प्रति क्विंटल के रेट पर खरीदेंगे। बहकावे में आकर काफी किसानों ने बीजेपी वोट की। लेकिन सत्ता हथियाते ही उसने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया। 3100 रुपये तो क्या, किसानों को एमएसपी तक नहीं दी गई।

हुड्डा ने बताया कि बीजेपी सरकार की नीतियों के कारण किसानों को लागत से भी कम दाम पर अपनी फसल बेचनी पड़ती है।

2025-26 विपणन सीजन के लिए गेहूं की एमएसपी 2425 रुपये प्रति क्विंटल और धान की एमएसपी 2300 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है, लेकिन ये रेट सिर्फ कागजी साबित होते हैं। क्योंकि किसानों को मंडियों में गेहूं और धान 300 से 400 रुपये कम रेट पर बेचने को मजबूर होना पड़ता है।

## मछली उत्पादक किसानों ने अनुभव किए साझा

**सिरसा।** मध्यप्रदेश के इंदौर में राष्ट्रीय मत्स्य मीट 2025 का आयोजन किया गया जिसमें जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र एवं जिला सिरसा के झींगा मछली उत्पादक दो किसान गुरप्रीत सिंह एवं माया देवी ने भाग लिया। सम्मेलन में मछली उत्पादन से जुड़े किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। इस भागीदारी में सिरसा की झींगा मछली उत्पादन से जुड़ी उपलब्धियों को देशभर में प्रस्तुत किया।



# नीट यूजी 2025: रोहतक की सोनाली ने हासिल की ऑल इंडिया रैंक 255

## एईएसएल के 21 अन्य छात्र भी शीर्ष रैंकर्स में शामिल

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**रोहतक, 15 जून।** देश की अग्रणी टेस्ट प्रिपरेटरी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके रोहतक केंद्र के 22 विद्यार्थियों ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, और एईएसएल द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रतिफल है। परीक्षा परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। प्रमुख प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सोनाली (एआईआर 255), शुभम (एआईआर 1762), नमन (एआईआर 1790), सलोनी लाठर (एआईआर 2721) और हेमांग नारा (एआईआर 2895) शामिल हैं।

ये सभी छात्र एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े हुए थे, जो नीट जैसी अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा प्रदान की गई मजबूत



अकादमिक नींव, वैचारिक स्पष्टता और नियमित तथा अनुशासित अध्ययन पद्धति को दिया। छात्रों ने साझा किया, ह्लहम आकाश के अत्यंत आभारी हैं, जिनकी मार्गदर्शक भूमिका ने हमें इस यात्रा में लगातार प्रेरित किया। उनकी संरचित अध्ययन सामग्री, विशेषज्ञ शिक्षण और व्यक्तिगत मेंटरिंग ने हमें जटिल विषयों को शीघ्रता से समझने में मदद की। बिना एईएसएल के यह सफलता संभव नहीं थी। डॉ. सुरेन्द्र चौहान, रीजनल डायरेक्टर, एईएसएल, ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ह्लहमें अपने छात्रों की नीट यूजी2025 में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर गर्व है। इस स्तर की परीक्षा में इतने अच्छे अंक प्राप्त करना अत्यंत प्रशंसनीय है। यह न केवल छात्रों की मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, बल्कि उनके माता-पिता के सहयोग और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। हम उन्हें उनके उज्ज्वल चिकित्सीय करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

NEET परीक्षा हर वर्ष नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित की जाती है। यह भारत में MBBS, BDS और AYUSH (BAMS, BUMS, BHMS आदि) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक आवश्यक पात्रता परीक्षा है। साथ ही, यह उन छात्रों के लिए भी अनिवार्य है जो विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता प्राप्त करना चाहते हैं।

# साधारण परिवार के विकास ने नीट में हासिल की 27377 वीं रैंक, गणमान्य लोगों ने दी बधाई

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**



**लोहारू, 15 जून।** विगत दिवस एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा के परिणाम में लोहारू के एक साधारण परिवार के विकास ने 525 अंक प्राप्त कर एआई की 27377 वीं रेंक व अपनी कैटेगरी रैंक 607 वीं हासिल की है। परिणाम के बाद विकास के परिवार को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है। वहीं शहर के गणमान्य लोगों ने विकास को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि विकास पुत्र राजेंद्र वार्ड नंबर 2 एक साधारण परिवार से आते हैं। विकास ने बताया कि उनके पिता ने उनको घर पर पढ़ने के लिए प्रेरित किया और इसके बाद उसने नीट की तैयारी घर पर ही की। उन्होंने बताया कि उनके माता-पिता का सपना है कि वह एक अच्छा डॉक्टर बनकर देश की सेवा करे। इसके लिए उसने घर पर 10 से 12 घंटे पढ़ाई की और समय-समय पर ऑनलाइन क्लास लेकर अपने डाउट क्लियर किए। विकास की यह सफलता दूसरों के लिए भी एक प्रेरणा बन गई है। यदि इरादे मजबूत होते हैं तो किसी भी मुकाम का हासिल किया जा सकता है। नपा चेयरमैन प्रदीप तायल, शहीद भगत सिंह कल्याण समिति के प्रधान जगदीश जायलवाल, मा पवन स्वामी, राकेश शर्मा, डॉ उमेद जांगिड़, अमित वालिया, रिंकू प्रजापत, मा प्रवेश श्योराण, शशी जैन आदि ने विकास को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विकास ने लोहारू क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# दिग्विजय चौटाला ने एसएचओ द्वारा किसान के साथ अभद्रता की निंदा की

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**



**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने पिहोवा थाने के एसएचओ सदर द्वारा एक किसान के साथ की गई अभद्रता, गाली-गलौच और अपमानजनक व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए इसे न केवल प्रशासनिक गिरावट, बल्कि किसानों के आत्म सम्मान पर हमला करार दिया है। उन्होंने कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक से इस मामले में तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप कर एसएचओ सदर के खिलाफ सख़्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। यह मामला उस किसान से जुड़ा है, जो वर्ष 2010 से अपनी पुश्तैनी जमीन को लेकर कोर्ट-कचहरी के चक्कर काट रहा है और उसने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से अपने पक्ष में निर्णय भी हासिल किया है। इसके बावजूद प्रशासनिक लापरवाही के कारण उसे अब तक न्याय नहीं मिला और ऊपर से उसे गालियां और धमकियां दी जा रही हैं। चौटाला ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि यह कैसा सिस्टम है, जहां कोर्ट से जीतने के बाद भी किसान को जमीन नहीं मिलती और पुलिस के हाथों उसे अपमानित होना पड़ता है। क्या यही है अच्छे प्रशासन की तस्वीर है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पिहोवा एसएचओ सदर के खिलाफ तत्काल विभागीय जांच शुरू कर उसे उसके पद से हटाया जाए और नियमानुसार सख़्त कार्रवाई की जाए। किसान को या तो उसकी जमीन तत्काल प्रभाव से सौंपी जाए या फिर उसे कानूनी रूप से उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि किसानों को केवल मंचों और भाषणों में सम्मान देना काफी नहीं है। असली इज्जत तभी मानी जाएगी, जब जमीनी स्तर पर उनके साथ न्याय होगा और उन्हें डर या दमन का शिकार नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द इस मामले में न्याय नहीं मिला तो जननायक जनता पार्टी जनता के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतर कर किसानों की आवाज बुलंद करेगी।

# सतनाली कस्बे में बिक रहे घटिया व निम्न स्तर के पेय पदार्थ व आइसक्रीम

## लोगों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़, हानिकारक रसायनों का हो रहा प्रयोग

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सतनाली, 15 जून।** तेज धूप व गर्मी से बचाव के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों व आइसक्रीम का सहारा लेकर शरीर को ठंडक प्रदान करते है परंतु कस्बे व आसपास के गांवों की दुकानों में सस्ते दामों पर बेरोकटोक बिक रहे शीतल पेय पदार्थ लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है वहीं स्वास्थ्य विभाग सब कुछ जानते हुए भी अनजान बैठा हुआ है। क्षेत्र में खुलेआम बिक रहे घटिया व निम्नस्तर के पेय पदार्थ पर कार्रवाई की बात तो दूर उनकी गुणवत्ता की जांच भी नहीं की जा रही। ध्यान रहे कि गर्मियों में शीतल पेय की मांग काफी बढ़ जाती है। ऐसे में मौके का फायदा उठाने के लिए बाजार में सस्ते पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनियां डेरा जमा लेती हैं। इनमें से अधिकतर के पास लाइसेंस तक नहीं है। वहीं एक बात और सामने आ रही है कि अनेक गांवों में भी निम्नस्तर के पेय पदार्थ बनाने का गोरखधंधा चल रहा है। बाजार में बिकने वाले इन सस्ते कोल्ड ड्रिंक्स में कई तरह के रसायन भी मिलाए जाते हैं, जो लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं ये कंपनियां मिनरल वॉटर के बजाय शीतल पेय में साधारण सप्लाई किया जा रहा पानी इस्तेमाल करती हैं।

**कस्बे में चल रही है अवैध आइसक्रीम की फैक्ट्रियां:-**

वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में चल रही अवैध आइसक्रीम फैक्ट्रियों में भी घटिया व निम्न स्तर की आइसक्रीम तैयार कर गांवों में सप्लाई किया जा रहा है। इन फैक्ट्रियों में नकली व घटिया आइसक्रीम इस कदर तैयार की जा रही है कि करीब पांच दर्जन से अधिक लोग इन्हें गांवों में पहुंचाने के लिए सप्लाई कारोबार से जुडे है। फैक्ट्रियों के मालिकों द्वारा ज्यादा से ज्यादा आइसक्रीम सप्लाई करने की एवज में अच्छा खासा कमीशन भी दिया जाता है। दूसरी ओर घटिया आइसक्रीम खरीद कर उनके सेवन से बच्चे बीमार भी हो रहे है। स्वास्थ्य विभाग स्थिति से वाकिफ होने के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा जिस कारण क्षेत्र के लोगों में रोष है तथा लोगों ने प्रशासन व विभाग से घटिया व निम्न स्तर की आइसक्रीम व पेय पदार्थ तैयार कर बेचने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो।

# एडवोकेट विनोद शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर दुष्यंत चौटाला का जताया आभार



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** लाडवा विधानसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के उम्मीदवार रहे वकील विनोद शर्मा ने लाडवा हलके से पार्टी का अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का तहदिल से आभार और धन्यवाद किया है। एडवोकेट विनोद शर्मा ने दुष्यंत चौटाला के पंचकूला स्थित आवास पर पहुंच कर उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने एक छोटे से कार्यकर्ता को जो मान सम्मान दिया है, उसके लिए वे पार्टी नेतृत्व का बहुत आभारी रहेंगे। इस अवसर पर दुष्यंत चौटाला ने एडवोकेट विनोद शर्मा का मुंह मीठा करके उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी और पार्टी के लिए जी जान से कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रदेश की राजनीति में आने वाला समय जेजेपी का होगा, जो प्रदेश की जनता की सेवा करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। एडवोकेट विनोद शर्मा ने विश्वास दिलाया कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उस पर खरा उतरने का वे पूरा प्रयास करेंगे और पार्टी के प्रदेश व्यापी सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने की दिशा में भरपूर कार्य करेंगे। इस मोके पर जिला प्रधान कुलदीप मुल्तानी, थानेसर हल्का अध्यक्ष योगेश शर्मा, पिहोवा हल्का अध्यक्ष गुरलाल सिंह, शाहाबाद हल्का अध्यक्ष कुलदीप समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करीब 350 करोड़ रुपए के कथित खरीफ फसल बीमा घोटाला के विरोध में 23 जून को लोहारु में होगी किसान महापंचायत

## महापंचायत के लिए चलाया जा रहा है जनजागरण अभियान: अशोक आर्य

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 15 जून।** अभाकि सभा द्वारा 350 करोड़ रुपए के कथित खरीफ फसल बीमा घोटाला के विरोध में आगामी 23 जून को होने वाली महापंचायत के लिए जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में अभाकि सभा के पदाधिकारियों द्वारा गांव खरकड़ी, सिंघानी, ढिगावा जाटान, ढिगावा बामियान, गिगनाऊ, झुप्पा कलां, झुप्पा खुर्द, बारवास व बसीरवास आदि गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर किसानों को महापंचायत में भाग लेने की अपील की गई। अभाकि के कानूनी सलाहकार एडवोकेट अशोक आर्य ने कहा कि किसानों को न्याय दिलाने के लिए गांव-गांव में जन





जागरण अभियान चलाकर महापंचायत के लिए किसानों को मुहिम से जोड़ा जा रहा है। इस दौरान एसकेएम सदस्य कविता आर्य पातवान ने कहा कि 350 रुपए के बीमा क्लेम घोटाला के विरोध में 23 जून को लोहारू अनाज मंडी में किसान महापंचायत का आयोजन होगा। अखिल भारतीय किसान सभा के कानूनी सलाहकार अशोक आर्य एडवोकेट ने बताया कि पूर्व की भाजपा सरकार ने कंपनियों से सांठगांठ कर ब्लेक लिस्टेड कंपनी क्षेमा को 20 हजार रुपए प्रति एकड़ में कॉन्ट्रैक्ट दिलाया। बाद में ऐआईसी व बजाज कंपनी की याचिका पर सुनवाई के दौरान 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से हरियाणा सरकार ने को नियमों की अवहेलना करते हुए ब्लेक लिस्टेड क्षेमा कंपनी को ही कॉन्ट्रैक्ट दिलाया था और उसी क्षेमा कंपनी ने 2023 खरीफ फसल बीमा क्लेम घोटाला को अंजाम दिया है। किसान सभा नेता बलवीर सिंह ठाकन ने कहा कि फसल बीमा क्लेम किसानों का हक लेने के लिए आंदोलन लिए लोहारू हलका के प्रत्येक गांव में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है तथा फसल बीमा क्लेम घोटाला व क्रोप कटिंग से संबंधित जानकारी सांझा की जा रही है। इस मौके पर कामरेड रामपाल धारणी, कामरेड विनोद जांगड़ा, कामरेड मनफूल ओबरा, अमित बामल कुड़ल, राहुल मान ढिगावा, रविन्द्र बड़दू चैना, संदीप खरड़ी, रामपाल सिंघानी, नवीन बसीरवास, राजपाल नंबरदार सिंघानी, धन्ना राम सिंघानी सहित अनेक किसान मौजूद रहे हैं।

# गौरव ने पुरुष वर्ग और मोनिका ने महिला वर्ग में जीती राज्य स्तरीय योग मैराथन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की योग मैराथन 2025 में प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। इस नए अध्याय के लिए प्रदेश के कोने-कोने से हजारों युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सपने को साकार करने के लिए योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के थीम पर 5 किलोमीटर की दौड़ लगाई। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा से जली योग की अलख विश्व के कोने-कोने तक नजर आएगी। इन तमाम ऐतिहासिक पलों को हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, जिला प्रशासन, हरियाणा योग आयोग, पतंजलि योगपीठ, भारतीय योगपीठ के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने अहम योगदान दिया। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, जिला प्रशासन व हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन के पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। हरियाणा खेल विभाग व आयुष विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि खेल विभाग, आयुष विभाग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन में प्रदेश भर से हजारों युवाओं ने 5 किलोमीटर की योग मैराथन के लिए ब्रह्मसरोवर पर पहुंचे। इस मैराथन की महिला वर्ग में सोनीपत की मोनिका प्रथम, भिवानी की सोनिका द्वितीय, कुरुक्षेत्र की अंजलि तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा महेन्द्रगढ़ की अंकिता चौथे, हिसार की कविता पांचवे, उत्तरप्रदेश सनोली की नेहा पंवार छठे स्थान पर,सोनीपत की मुस्कान सातवें, सोनीपत की अंकिता आठवें, हिसार की दुर्गा नौवें और करनाल की सिमरण दसवें स्थान पर रही। उन्होंने कहा कि पुरुष वर्ग में गौरव प्रथम, सोनीपत का रोहित द्वितीय, महेन्द्रगढ़ का मोहित यादव तृतीय, चरखी दादरी से मोहन चौथे, जींद से सुरेन्द्र पांचवे, करनाल से मोहित पन्नू छठे, सोनीपत से अक्षय सातवें, अधोया से सूरज सैन यादव आठवें, चंडीगढ़ से मनीष नौवें और रवि कुमार दसवें स्थान पर रहा।

# अमरनाथ यात्रा में भंडारे के लिए खाद्य सामग्री का ट्रक रवाना

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** युवा भाजपा नेता मनीष सिंगला ने रविवार को शिव भोले का आशीर्वाद लेकर शिव चौक से बाबा बफार्णी सेवा मंडल द्वारा लगाए जाने वाले भंडारे के लिए खाद्य सामग्री के ट्रकों को रवाना किया।

युवा भाजपा नेता मनीष सिंगला ने कहा कि प्रो. गणेशीलाल के प्रयासों से पुण्य का ये कार्य शुरू किया गया था और आज इन ट्रकों को रवाना कर आत्मिक शांति की अनुभूति हुई है। इससे पूर्व शिव चौक पर पहुंचने पर जय बाबा बफार्नी सेवा समिति के प्रधान ललित चुघ व सभी सदस्यों ने उनका स्वागत



किया। मनीष सिंगला ने मौजिज लोगों के साथ सर्वप्रथम भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद ध्वजा दिखाकर खाद्य सामग्री के ट्रकों को रवाना किया। मनीष ने कहा कि ये पवित्र भंडारा 1 जुलाई से 9 अगस्त तक जम्मू कश्मीर में दोमेल बालटाल में अमरनाथ यात्रियों के लिए लंगर की सेवा प्रदान करेगा। अमरनाथ यात्रा जैसे पवित्र कार्य में सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने बताया कि ट्रक में यात्रियों के लिए भोजन, दवाएं व अन्य जरूरी सामग्री भेजी गई है। इस मौके पर प्रधान ललित चुघ, संरक्षक नरेश मेहता, त्रिलोकी भूषण मेहता, एक्सीएन पुष्पेंद्र, कस्तूरी लाल, अनिल गंगू सरपंच, सचिव दीपू मेहता, मनजीत सेवादार, धर्मपाल, संदीप सैनी, दीपू मेहता, राहुल सेवादार, राजू संपत, प्रवीण नरूला, एक्सीएन संदीप, डब्बू ग्रोवर, दीवान गुलशन मेहता, सक्षम चुघ, दीपक, लवेश सरदाना, विजय गर्ग, साहिल डाबर, हरपिंद्र शर्मा, योगेश बिजारनिया, अनिल सर्राफ, साहिल चावला, लवेश सरदाना, विजय गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# महर्षि वाल्मीकि आश्रम में मनाया कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का जन्म दिन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** महर्षि वाल्मीकि आश्रम थानेसर में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी का जन्म दिन बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। समाज के अग्रणी बच्चे जिन्होंने 10वीं कक्षा व 12वीं कक्षा में 80% से ज्यादा अंक हासिल किए, उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्रधान जगीर सिंह ने कहा कि कृष्ण बेदी वाल्मीकि समाज के ही नहीं, बल्कि 36 बिरादरी के नेता है। वे 24 घंटे हमेशा विकास की बात सोचते और करते है। शिव कुमार महासचिव वाल्मीकि सभा ने कहा कि बेदी हमारी आन, बान, शान और पहचान है। मंत्री के संरक्षण में समाज विकास की राह पर चल रहा है। कैबिनेट मंत्री ने आश्रम में बन रहे मंदिर निर्माण में लगातार सहयोग करने का वायदा किया और अभी चल रहे निर्माण कार्य के लिए 11 लाख की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर वरिष्ठ उपप्रधान राम नाथ मंडल, उपप्रधान यशपाल नंबरदार, उपप्रधान दीपक गिल, सुखलाल सूद, जोगीराम, जरनैल सिंह, ईश्वर सिंह, नरेश, संजीव सोढ़ी, रणधीर सिंह नंबरदार, राजकुमार अटवाल, कृष्ण सिंह मचल, तारा चंद मट्टू, गौतम पूरी वाल्मीकि सभा व आश्रम कमेटी थानेसर व कुरुक्षेत्र की सभी संस्थाओं की कमेटी उपस्थित रही। इस दौरान भारी जनसैलाब की उपस्थिति में कृष्ण बेदी कैबिनेट मंत्री का जन्म दिन केक भी काट कर सभी में बांटा गया।

# एसडीओ व कर्मचारी पर हमला करने के मामले में एक आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** बीते दिनों जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता और उनके साथी कर्मचारी पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों कर्मचारी बाइक पर सवार होकर लघु सचिवालय स्थित जलघर में जा रहे थे। जैसे ही वे रेलवे फाटक के पास पहुंचे तो पीछे से तीन चार युवक आए और बाइक सवार कर्मचारियों पर हमला कर चोट मारी और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित कर्मचारियों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि ओंकार सिंह विभाग में ठेकेदारी का काम करता है और गलत तरीके से काम करवाना चाहता था। 13 मई को कार्यकारी अभियंता कार्यालय में कहासुनी हुई थी। पीड़ित कर्मचारी की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन सिरसा में सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने व चोट मारने की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान थाना की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान अजय कुमार पुत्र रामस्वरूप निवासी प्रेम नगर सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पूछताछ के दौरान जो भी व्यक्ति इस घटना में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

# मिलन और अभिवादन कार्यक्रम में एफआईआई ने श्रम विभाग के प्रमुख सचिव को उद्योग जगत की समस्याओं से करवाया आवगत

## आसान लाइसेंस अनुमोदन सहित अन्य मांगों को लेकर एफआईआई ने राजीव रंजन को सौंपा मांगपत्र

**जतिन/राजा**

**गुरूग्राम, 15 जून।** गुरूग्राम स्थित कैपेरो मारूति के मुख्य कार्यालय में भारतीय उद्योग महासंघ (एफआईआई) के एक प्रतिनिधिमंडल ने "मिलन और अभिवादन" प्रोग्राम के तहत हरियाणा सरकार के श्रम विभाग के प्रमुख सचिव एवं हरियाणा सरकार के युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव राजीव रंजन से मुलाकात की तथा उद्योग जगत से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से उन्हें आवगत भी करवाया। प्रतिनिधिमंडल ने राजीव रंजन को मांगपत्र के माध्यम से आसान लाइसेंस अनुमोदन, कौशल विकास केंद्र, वेतन संहिता जागरूकता, ईएसआईसी सुविधाएं, अधिकारीक बनाए जाने की मांग की गई। इस मौके पर एफआईआई के प्रदेश अध्यक्ष व कैपेरो मारुती के सीईओ विनोद बापना ने कहा



कि अपरिवर्तित शर्तों के मामले में ऑटो लाइसेंस अनुमोदन में सरकारी समर्थन की आवश्यकता है, नए वेतन संहिता और उद्योगों पर इसके व्यावहारिक प्रभाव पर कार्यशालाओं का आयोजन करवाए जाने, बेहतर कवरेज और विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में समय पर रोगी देखभाल के लिए ईएसआईसी-सूचीबद्ध अस्पतालों के लिए सरकार के समर्थन, गुडगांव और फरीदाबाद में उद्योग और श्रम शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए अतिरिक्त सुलह अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त समस्याओं के चलते उद्योग जगत में काफी समस्याएं बनी हुई है, जिसके कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है। जिनका जल्द से जल्द समाधान किए जाने की आवश्यकता है।एफआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ दीपक जैन ने कहा कि आज के समय में औद्योगिक विकास के साथ साथ स्किल डेवलोपमेन्ट की भी आवश्यकता है। आयुक्त व सचिव राजीव रंजन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उद्योगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग उद्योगों के साथ संवाद बनाकर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। साथ ही प्रमुख सचिव राजीव रंजन ने वर्तमान में चल रही जिओ पोलटिक्स पर भी सबके साथ अपने विचार सांझे किये। इस अवसर पर एफआईआई के डायरेक्टर जनरल डॉ दीपक जैन,प्रदेश अध्यक्ष विनोद बापना एफआईआई इंटरनेशनल अफेयर्स कमेटी के चेयरमैन हितेंद्र मेहता, एफआईआई फाउंडर मैंबर हरभजन सिंह सहित कैपेरो के एचआर हैड, जेबीएम, एसकेएच सहित अन्य कम्पनियों के वरिष्ट अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मेंटेनेंस कार्य के चलते आज बिजली रहेगी बाधित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 15 जून।** सोमवार को लोहारू सब स्टेशन में लाइन मेंटेनेंस के चलते सुबह 10 बजे से एक बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहने वाली है। यह जानकारी देते हुए एसएससी लीलाराम व विकास शर्मा ने बताया कि टीएफ वन 132 केवी और 11 केवी से निकलने वाले 5 फीडर लोहारू, गौशाला, गिगनाऊ, ढाणी अकबरपुर, झुप्पा बंद रहेंगे। वहीं टीएफ थ्री 132 व 33 और 11 केवी से निकलने वाले 33 केवी सोहासडा, दमकौरा, गिगनाऊ, लोहारू फीडर पर दोपहर डेढ़ बजे से साढ़े चार बजे तक बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहने वाली है। इस कार्य के चलते करीब 40 गांव प्रभावित रहेंगे।

# युवक 8 .83 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 15 जून। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान सिरसा में भारत नगर क्षेत्र से एक युवक को 8 ग्राम 83 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद्र ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान सिरसा में भारत नगर के नजदीक पहुंची तो सामने से एक युवक संदिग्ध हालत में आता हुआ दिखाई दिया। युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया।

# राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं व अंतरराष्ट्रीय स्तर खिलाड़ियों को दिया जाएगा 20 लाख रुपये का मेडिकल कवरेज : संजीव वर्मा

## खेल प्रयोजन, प्रदर्शन व अन्य पहलुओं के डिजिटल प्रबंधन के लिए खेलो हरियाणा एप होगी लॉन्च

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पधाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 20 लाख रुपये तक का मेडिकल कवरेज दिया जाएगा। ये पॉलिसी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। ताकि खिलाडियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति में आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े और वे बिना किसी अनिश्चितता के भय से मुक्त होकर अपना पूरा ध्यान अपने खेल पर केंद्रित कर सके। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा रविवार को योग मैराथन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में खेल नर्सरियों की संख्या 1500 से बढ़ाकर 2000 कर दी है। सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों की डाइट मनी 400 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेलो हरियाणा ऐप लांच की जाएगी। इसके जरिए वे अपनी खेल प्रयोजन व प्रदर्शन संबंधी तथा अन्य पहलुओं को डिजिटल तरीके से प्रबंधित कर पांएगें। हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि ओलम्पिक स्तर पर पदक विजेता कोई भी खिलाड़ी यदि अपने गृह जिले में खेल अकादमी खोलना चाहे तो उसे हरियाणा सरकार द्वारा सस्ती दरों पर 5 करोड़ रुपये तक का लोन बैंकों के माध्यम से दिलवाया जाएगा, जिसके ब्याज पर दो प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उपकरण प्रावधान योजना 2023-24 में वॉलीबॉल, फुटबाल, बास्केटबाल, हैण्डबॉंल, मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो व क्रिकेट के साथ-साथ भारोत्तोलन और योग को भी शामिल किया गया है। इस योजना के तहत इन खेलों के उपकरण नगर निकायों और पंचायतों के माध्यम से आवंटित किए जाने का प्रावधान है।




**10 किलोमीटर में नये गांवों और कस्बों में बनाए जाएंगे नये स्टेडियम**

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि राज्य के हर इलाके में खेल सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के सभी सरकारी खेल स्टेडियमों की जीआईएस मैपिंग करवाई गई है। जहां 10 किलोमीटर तक कोई सरकारी खेल स्टेडियम उपलब्ध नहीं है, ऐसे गांवों और कस्बों में नये स्टेडियम उपलब्ध करवाने का कार्य शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य के 5 विश्वविद्यालयों, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, रेवाड़ी में नए खेल उत्कृष्टता केन्द्र खोले जाऐंगें।

**मिशन ओलम्पिक 2036 विजयी भवः योजना लाकर 36 मेडल का रखा लक्ष्य**

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों के कम से कम 36 मैडल लाने के लक्ष्य से मिशन ओलम्पिक 2036 विजयी भवः योजना का आरम्भ किया जा रहा है। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब ड्ढसह सैनी के नेतृत्व में अखाड़ों को बेहतर बनाने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिला स्तर पर 3 सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख, 10 लाख और 5 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।

**224 खिलाड़ियों को अलग-अलग वर्ग में दी नौकरियां**

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि 2025-26 बजट में खेलों के लिए कुल बजट 589.69 करोड़ रुपये रखा है। वर्ष 2014 से अब तक 224 खिलाडियों को अलग-अलग वर्ग में नौकरियां वितरित की गई हैं, इनमें वर्ग-ए की 20, वर्ग-बी की 41 और वर्ग-सी में 163 नौकरियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नकद पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2014 से अब तक 599.43 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

**खेलो इंडिया पैरा गम्स में 104 पदक जीतकर प्रदेश ने देशभर में पाया प्रथम स्थान**

हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने बताया कि 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्म 2025 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने कुल 117 पदक जीते हैं, इनमें 39 स्वर्ण पदक, 27 रजत पदक और 51 कांस्य पदक शामिल हैं। इसी तरह दूसरे खेलो इंडिया पैरा गम्स में 174 खिलाड़ियों ने 104 पदक जीतकर देशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है, इनमें 34 स्वर्ण पदक, 39 रजत पदक और 31 कांस्य पदक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की खेल नीतियों में कैश अवार्ड फॉर एनकॉरेजमेंट ऑफ स्पोर्टस पर्सन स्कीम 2024-25, एनकरेजमेंट टू माउंटेनियर्स नीति 2021, खेल नर्सरी योजना और आवासीय खेल अकादमी योजना को शामिल किया गया है।

## हलका स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता मीटिंग संपन्न, जन-जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाया जाएगा : विधायक



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 15 जून।** रविवार को सिवानी अनाज मंडी परिसर में कांग्रेस कार्यकताओं की हलका स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एआईसीसी सचिव मनोज चौहान और कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं से सीधा संवाद किया गया और आह्वान किया गया कि कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पार्टी पदाधिकारियों, सभी ब्लॉक एवं बूथ स्तरीय कार्यकताओं ने भाग लिया। एआईसीसी सचिव मनोज चौहान ने कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बैठक का उद्देश्य पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है। आने वाले चुनावों की रणनीति तय करना एवं कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं को एकजुट रहने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता देने तथा कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कांग्रेस विधायक राजबीर सिंह फरटिया ने भी उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोहारू क्षेत्र की जनता कांग्रेस पार्टी के साथ है तथा आने वाले समय में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझता है इसलिए हर एक कार्यकर्ता जमीन स्तर पर जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं।

## युवक 77 ग्राम अफीम सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** नारकोटिक सेल सिरसा की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान लालबत्ती चौक क्षेत्र से एक युवक को 77 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया है। नारकोटिक सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली रोड सांगवान चौक से होते हुए लालबत्ती चौक की ओर आ रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब लालबत्ती चौक के नजदीक दीप कार एसेसरी की दुकान के पास पहुंची तो सामने एक युवक खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस की टीम को देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 77 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान मुकेश कुमार पुत्र रामकुमार निवासी गांव कोटली जिला सिरसा के रूप में हुई है। सेल प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर आगामी कार्रवाई के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और जो भी व्यक्ति इस मामले में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चेक बाउंस के दो मामलों में वांछित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने चेक बाउंस के दो मामलों में पंजाब के वांछित को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि आरोपी का सिरसा निवासी अमरजीत सिंह के साथ करीब 3 लाख 40 हजार रूपयों का लेनदेन था और समय पर पैसे नहीं देने के कारण मामला कोर्ट तक पहुंचा। कोर्ट द्वारा चेक बाउंस मामले में आरोपी को बार-बार दोनों मामलों में नोटिस दिए गए लेकिन आरोपी कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने के मामले में आरोपी को 27 नवंबर 2024 को चेक बाउंस के दोनों मामले में उद्घोषित अपराधी करार दिया गया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 27 मार्च 2025 को 209 बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जसविंदर सिंह निवासी महक नगर सनी एकलव्य, सेक्टर 125 खरड़ एसएएस नगर मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेशकर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## शहीद कृष्ण कुमार के परिजनों को सेना ने दिया सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, कारगिल युद्ध के नायक कृष्ण कुमार की शहादत को सेना ने किया याद



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** कारगिल की लड़ाई में शहीद हुए सत्रहवीं जाट रेजीमेंट के सिपाही कृष्ण कुमार के अदम्य साहस को याद करते हुए भारतीय सेना ने घर-घर शौर्य सम्मान के तहत उनके परिवाजनों से मुलाकात कर सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न भेंट किया है।

सेना की ओर से हवलदार कमलेश बिश्नोई व सिपाही सुनील ने गांव तरकांवाली में उनके आवास पर पहुंचकर शहीद की पत्नी संतोष देवी, पुत्र मनोज व मुकेश से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी जानी। सेना की ओर से आए प्रतिनिधियों ने बताया कि भारतीय सेना 26वां कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को आयोजित कर रही है और इसी उपलक्ष्य में घर-घर शौर्य सम्मान के तहत शहीदों के परिजनों को सम्मान पत्र व स्मृति चिह्न घर पर पहुंचकर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली जा रही है ताकि उनका निवारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों का देश सदैव ऋणी रहेगा। कारगिल युद्ध के दौरान सिपाही कृष्ण कुमार दुश्मन से लोहा लेते हुए 20 वर्ष की आयु में 30 मई 1999 को शहीद हो गए। शहीद कृष्ण कुमार के भाई बलजीत ने बताया कि कृष्ण कुमार 25 दिनों की छुट्टी के बाद 25 मई 1999 को कारगिल पहुंचे थे।

## दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** शहर के बरनाला रोड स्थित एक दुकान के बाहर से चोर बाइक चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में थेहड़ मोहल्ला निवासी रोहताश कुमार ने बताया कि बीती 6 जून की दोपहर को वह बरनाला रोड पर दुकान से सामान लेने के लिए गया था। इसी दौरान बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

# बाल-बाल बचे लोहारू एसडीएम मनोज दलाल

## कलानौर के पास एसडीएम की सरकारी गाड़ी को लगी आग, गाड़ी जलकर खाक

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 15 जून।** रोहतक-भिवानी मार्ग पर दोपहर करीब एक बजे कलानौर के नजदीक 152 डी सर्किल के पास लोहारू एसडीएम मनोज दलाल की सरकारी गाड़ी को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते गाड़ी जलकर खाक हो गई। जिस समय यह घटना हुई उस समय गाड़ी में एसडीएम सवार थे। गनीमत रही कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। इस हादसे में एसडीएम मनोज दलाल व उनके ड्राईवर सकुशल हैं उनको किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर एक बजे कलानौर के नजदीक 152 डी सर्किल के पास एसडीएम की सरकारी गाड़ी से अचानक गाड़ी में धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते गाड़ी आग का गोला बन गई और जलकर खाक हो गई। लोहारू एसडीएम मनोज कुमार ने बताया कि वह रोहतक कमिश्नर से मुलाकात कर के वापस लौट रहे थे। कलानौर नजदीक खेरड़ी मोड़ पर अचानक से उनकी सरकारी बलेरो गाड़ी का एसी काम करना बंद कर गया। इसके बाद अचानक गाड़ी के बोनट से धुआं निकलने लगा। जब ड्राइवर ने बाहर निकल कर देखा तो गाड़ी में आग लग गई। आनन-फानन में गाड़ी से बाहर निकले करीब 2 मिनट में गाड़ी पूरी तरह से जल गई। इसके बाद मौके पर डायल 112 ने पहुंचकर गाड़ी की आग पर काबू पाने की कोशिश की व आस पास के लोगों ने आग बुझाने में मदद की। हादसे में गाड़ी का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा जल कर खाक हो गया।



## वीजा लगवाने के नाम पर 4.07 लाख ठगे

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी विकास कुमार के साथ वीजा लगवाने के नाम पर कंपनी एजेंट ने 4.07 लाख रुपए की ठगी कर डाली। पुलिस को दी शिकायत में विकास कुमार ने बताया कि 13 नवंबर 2024 को वीजा लगवाने के लिए फाइल प्रोसेसिंग के नाम पर एजेंट मनिंद्र कौर पत्नी राहुक (रिशव) और रूप मल्होत्रा को 8000 रूपए फोन पे कर दिए और 26 दिसंबर 2024 को 45000 रूपए फोन पे फिर से कर दिए। इन लोगों से मेरे दोस्त अमन रंधावा ने जानकारी करवाई थी और उनका चंडीगढ़ में काउंसिल अबरोड कंस्लटेंट चंडीगढ़ के नाम से कार्यालय था। इसके बाद 03 दिसंबर 2024 को 354250 रूपए उन्होंने ओक्सफोर्ड कॉलेज के खाते में जमा करवाए थे और मुझे कहा गया कि एक महीने के अंदर आपका स्टडी वीजा आ जाएगा। अगर वीजा नहीं आया तो आपकी फीस कॉलेज से रिफंड करवा दी जाएगी और प्रोसेसिंग फीस में से 10000 रूपए काटकर बाकी राशि आपको वापस दे दी जाएगी। 3 महीने इंतजार करने के बाद मुझे इन लोगों पर शक होने लगा, क्योंकि इनका कोई जवाब नहीं आया था और मेरा फोन भी नहं उठाते थे। इसलिए उन्होंने 5 मार्च 2025 को अपनी फाइल एंबेसी से विड्राल करवा ली और कॉलेज से फीस वापसी का 8 सप्ताह का समय था, परंतु अभी तक न तो उनकी कोई फीस वापस आई है और न ही उन्हें प्रोसेसिंग फीस वापस मिली है। जब उन्होंने सीधे कॉलेज में मेल कर जानकारी ली तो उन्हें जूम मीटिंग में कॉलेज के स्टाफ द्वारा पता चला की उनकी कॉलेज फीस को इन्होंने नो स्टूडेंट अप्वाइंटमेंट फीस बनाकर भेजा है। कॉलेज स्टाफ ने बताया कि कॉलेज किसी भी स्टूडेंट से वीजा आने से पहले फीस नहीं लेता है। इस पर उसका शक यकीन में बदल गया। उसने कई बार उपरोक्त लोगों से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, जिसपर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाथुसरी चोपटा में कांग्रेस पार्टी के सृजन संगठन अभियान के तहत बैठक आयोजित

## संगठन को मजबूत करने को कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर करें कार्यः क्रिस्टोफर तिलक


**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** नाथुसरी चोपटा स्थित शिव मंदिर धर्मशाला में रविवार को ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के सृजन संगठन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एआईसीसी के पर्यवेक्षक क्रिस्टोफर तिलक, कांग्रेसी नेता शमशेर सिंह गोगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिव मंदिर धर्मशाला नाथूसरी चोपटा में आयोजित बैठक में पर्यवेक्षक क्रिस्टोफर तिलक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संदेश कार्यकताओं तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कांग्रेसी कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए मैं यहां कार्यकताओं की राय लेने आया हूं। यह फैसला कार्यकताओं की राय पर आधारित होगा, ताकि जिलाध्यक्ष ऐसा हो, जो संगठन को मजबूती दे सके। बैठक में एक एक कार्यकर्ता ने पर्यवेक्षक से मुलाकात कर अपनी राय रखी। उन्होंने बताया कि विधायक, पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद, चेयरमैन और पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकताओं से भी राय ली जा रही है। यह पद पूरी तरह से पावरफुल और संगठन में अहम होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि महिला, पिछड़ा वर्ग (बीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) के कार्यकताओं को संगठन में विशेष भागीदारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 30 जून तक सभी हलकों में बैठकें की जाएगी और उसके बाद रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर कभी भी नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि अगर संगठन मजबूत होगा, तो कांग्रेस निश्चित रूप से भारी बहुमत से सरकार बनाएगी। विधायक भरत सिंह बैनीवाल और सरपंच संतोष बैनीवाल ने सभी का स्वागत किया और अभिनंदन किया। बैठक में नंदलाल बैनीवाल, लादूराम पूनिया, सुमित बैनीवाल, पूर्व चेयरमैन रणवीर बैनीवाल, चैयरमेन राम सिंह सोलंकी, मोहित शर्मा, अजय भांभू , पूर्व सरपंच हरिराम सहारण, बलराम सहारण, अशोक कुमार,भूप सिंह, आईदान कासनिया, जिला संगठन सचिव धर्मपाल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम सिंह, नितिन सोमानी, सरपंच सुभाष कासनिया, मांगेराम बैनीवाल कागदाना, मोहित, नंबरदार राधे बैनीवाल, जेपी कस्वां सहित कई सरपंच, पूर्व सरपंच, पंच, यूथ कांग्रेस पदाधिकारी व अन्य कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री के नेतृत्व का पूरी दुनिया ने माना लोहा: रातुसरिया



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 15 जून।** वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप रातुसरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल रहे हैं।

रातुसरिया ने रविवार को जारी बयान में कहा कि इन 11 सालों में सिर्फ सत्ता नहीं बदली, बल्कि देश के विकास की परिभाषा और दिशा दोनों बदले हैं। खास बात यह है कि मोदी सरकार के नेतृत्व में जो भी क्रांतिकारी बदलाव हुए, उनमें हरियाणा की भाजपा सरकार का पूरा सहयोग है। जिस तरह से केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, उसी तरह से हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। ऐसा पहली बार हुआ, जब राज्य में लगातार तीसरी बार किसी दल की सरकार बन पाई है। रातुसरिया ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार के साढ़े नौ साल के कार्यकाल में मनोहर लाल ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की बागडोर संभाली। उनके बाद अब नायब सिंह सैनी हरियाणा की सत्ता का संचालन कर रहे हैं। अपने 11 साल के कार्यकाल में जिस तरह से पीएम मोदी की सरकार ने देश व समाज के हित के फैसले लिए हैं, उसी तर्ज पर हरियाणा की भाजपा सरकार ने राज्य में न केवल राजनीति के मायने बदले हैं, बल्कि प्रदेश में सुशासन के माध्यम से आम लोगों के जीवन को सरल बनाने का काम किया है। मनोहर लाल अब पीएम मोदी की सरकार में ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री हैं। उनके नेतृत्व में देश बिजली में न केवल आत्मनिर्भर हुआ है, बल्कि अब दूसरे देशों को बिजली देने की स्थिति में पहुंच गया है। पारदर्शिता, भ्रष्टाचार पर अंकुश और काम करने की साफ नीयत से ही ऐसा संभव हो पाया है।

# ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड से सम्मानित करेगा राह ग्रुप फाउंडेशन

## पांच राज्यों में शिक्षा से लेकर कारोबार तक, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच राज्यों की 101 हस्तियों को मिलेगा सम्मान

**अमित वालिया, सतनाली**

शिक्षा से लेकर कारोबार तक, हर क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पांच राज्यों की 101 हस्तियों को सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन दारा ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड-2025 प्रदान किया जाएगा। पांच अक्टूबर इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह में हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब व जम्मू-कश्मीर की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें वरीयता शिक्षा के विकास में सराहनीय योगदान देने वाले अध्यापकों व स्कूलों के निर्माण या विस्तार में सहयोग देने वाले भामाशाहों को दी जाएगी। इस दौरान अध्यापकों को शैक्षणिक भ्रमण एवं वहां के स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था का जमीनी आंकलन व विशेष पैटर्न को अपनाने के लिए चार स्कूलों की विजिट भी करवाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़, ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड-2025 ईवेंट के संयोजक प्रवक्ता श्यामसुन्दर सांगवान, राह संस्था के जिला अध्यक्ष अमित वालिया ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलों के विकास, वैज्ञानिक शोध, इंजीनियरिंग, जनकल्याणकारी पत्रकारिता, समाज सेवा समेत कई अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाले इन अवार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। सभी आवेदकों के पास आवेदन की अन्तिम तिथि से पहले वैध पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। इसके अलावा किसी भी आवेदक की पृष्ठभूमि आपराधिक नहीं होनी चाहिए। सम्मान समारोह के संयोजक प्रवक्ता श्यामसुन्दर सांगवान के अनुसार बैंकॉक में आयोजित होने वाले इस सम्मान समारोह के दौरान संबंधित क्षेत्र की हस्तियों उनके फील्ड के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर शैक्षणिक भ्रमण भी करवाया जाएगा।इसके लिए 10 जुलाई 2025 तक आवेदन हो सकेंगे, जबकि 15 जुलाई तक इनका चयन हो जाएगा।

**दो वर्ष की उपलब्धियां बनेगी आधार:-**

राह संस्था के इस अवार्ड के लिए लिए आवेदक की विगत दो वर्ष की उपलब्धियों को आधार माना जाएगा। हालांकि आवेदक अपना दावा विगत पांच या जीवन भर की उपलब्धियों के आधार पर आवेदन कर सकता है। इसके लिए आवेदन को राह संस्था के तय प्रोफार्मा पर आवेदन ऑनलाईन व उसके बाद आफ लाईन आवेदन जमा करवाना अनिवार्य होगा।

**किस क्षेत्र को मिलेगी वरीयता :-**

राह ग्रुप फाउंडेशन के इस सम्मान समारोह के संयोजक प्रवक्ता श्याम सुंदर सांगवान के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलों के विकास, वैज्ञानिक शोध, इंजीनियरिंग, जनकल्याणकारी पत्रकारिता, समाजसेवा समेत कई अन्य क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाली हस्तियां राह संस्था के इस अवार्ड के लिए आवेदन कर सकती है।

**चार अलग-अलग श्रेणियों में मिलेगा अवार्ड :-**

चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार राह संस्था के इस बहुप्रतिष्ठित अवार्ड कार्यक्रम ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड प्रति वर्ष तरह इस बार भी चार अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। जिसमें लाईफ टाईम अचिवमेंट, शिक्षा, नवाचार एवं अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे।

**बेहद प्रतिष्ठित है यह पुरस्कार :-**

ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड राह ग्रुप फाउंडेशन का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो इंटरनेशनल लेवल पर उन व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है जो अपने क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन या योगदान करते हैं। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में, जैसे कि नेतृत्व, सामाजिक प्रभाव, विज्ञान, कला, और शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार संगठन के अंदर या बाहर अपने सहकर्मियों को प्रेरित, सक्षम या समर्थन करने वाले व्यक्ति को भी दिया जा सकता है।

## संपादक की कलम से

### मुट्ठी' में शीतलपेय

एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर-जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम-आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं।

जून में कायदे से गर्मी की, लू की, लू से मरने वालों की और गर्मी की बीमारियों की चर्चा होनी चाहिए, एसी-कूलर की बिक्री की चर्चा होनी चाहिए, पर हो रही है आंधी-तूफान-बारिश और जल-जमाव की। इससे भी कम चर्चा है, गर्मी में सर्दी के नाम पर आग लगाने वाली कोल्ड-ड्रिंक कंपनियों की लड़ाई की। गर्मी के साथ 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) का सीजन भी बीत गया और जिस क्रिकेट और 'आईपीएल' को बहाना बनाकर पेप्सी और कोक महाभारत सी जंग लड़ा करते थे, उस ट्राफी का प्रायोजक बनने की लड़ाई लड़ते थे, वह न होने पर एक आभासी युद्ध लड़ते थे, विपणन और विज्ञापन जगत अपनी प्रतिभा को इस सीजन के लिए बचाकर रखता था, वह सब इस सीजन में कहीं नहीं दिख रहा।

एक खामोशी है, जबकि शीतल पेय बाजार तो झाग में, सनसनी में ही ज्यादा भरोसा करता है। उसके बिना न तो चार पैसे की चीज पंद्रह और बीस रुपए में बेची जा सकती है, न एक गैर-जरूरी और एक हद तक नुकसानदेह पेय को हम-आप शान से पी सकते हैं। इसी के सहारे दो बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हजारों करोड़ का कारोबार कर चुकी हैं और सारे देसी ब्रांड लगभग समाप्त कर चुकी हैं। शीतल-पेय गांव-देहात में भी मिलता है, फैशन की चीज बन गया है, पर इस बार की शांति एक और कारण से ज्यादा चुभने वाली है।

इस बार शीतल-पेय बाजार में एक नया खिलाड़ी उतरा है जिसने दमदार दखल दी है। बाजार में आने के साथ ही उसने एक बड़े हिस्से पर कब्जा किया है, स्थापित ब्रांडों को झकझोरा है, वितरकों को निहाल कर दिया है। ग्राहक भी पुरानी कीमत में पेय की मात्रा लगभग दोगुनी पाकर खुश हैं और लग रहा है कि देश का शीतल पेय बाजार बदलने जा रहा है। दशकों पहले मर से गए एक ब्रांड, 'कैम्पा कोला' को 'पार्ले ड्रिंक्स' वाले चौहान से मामूली कीमत पर खरीदकर मुकेश अंबानी और 'रिलायंस' ने एक नए कारोबार में पैर बढ़ाए हैं और वहां के सारे समीकरण बदल दिए है। प्रतिद्वंद्वी ब्रांडों ने कीमत कम की है, मात्रा बढ़ाने की कोशिश भी हो रही है, लेकिन ग्राहक और नीचे तक के वितरक दूसरे ब्रांड से पट जाएं तो काम आसान नहीं रहता। 'पेप्सी' और 'कोक' की तरफ से अभी जवाबी हमला नहीं हुआ है, लेकिन बाजार तो बदलता दिखता है। जानकार मानते हैं कि 'कैम्पा' का शेयर दहाई में आ चुका है।

जिस 'आईपीएल' के प्रसारण में 'कोक' और 'पेप्सी' तथा भारत में बिकने वाले उनके सबसे लोकप्रिय ब्रांड 'थम्सअप' के नए-नए विज्ञापनों की बाढ़ रहती थी, एक-दूसरे को 'गुलाब जामुन' और घटिया स्वाद वाला बताया जाता था, जिस लाल को अपना और नीले को दुश्मन बताया जाता था, वैसा इस बार कुछ नहीं है। दक्षिण के एक हीरो का बहुत औसत किस्म का विज्ञापन ही बार-बार दोहराया जा रहा था और सूचना दे रहा था कि 'कोक-पेप्सी' दौर के पहले जिस 'कैम्पा' का जलवा था, वह वापस लौट आया है। 'पेप्सी' ने 'पार्ले ड्रिंक्स' से काफी कुछ खरीदा था, लेकिन इन ब्रांडों को मरने के लिए छोड़ दिया था।

पुराने मालिक 'बिसलेरी' में ऐसे लग गए कि इन ब्रांडों को सचमुच भूल गए। उनको 'कोक-पेप्सी' की लड़ाई में गुंजाइश नहीं लगी। अब 'रिलायंस' ने नए क्षेत्र में उतरने के फैसले के साथ इस पुराने ब्रांड पर दांव लगाया है। जानकार मानते हैं कि 'रिलायंस' बड़े स्तर के व्यापार, ग्राहक और वितरक को ज्यादा-से-ज्यादा लाभ देने की रणनीति से धमका रहा है। सांसदों और सरकार के सहारे कायदे-कानून बदलवाना, बाजार और विज्ञापन जगत में मारकाट की 'पेप्सी' और 'कोक' वाली रणनीति उसने नहीं अपनाई है।

अपने पांव जमाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने तथा बड़ी संख्या में सांसद जुटाकर अपना कानून बनवाने वाली 'पेप्सी' के लिए यह भी कहा जाता है कि उसने एक आयात के बदले तीन निर्यात वाला प्रलोभनकारी दांव भी धोखे वाला खेल किया और जाने किस प्रभाव में समाजवादी कहलाने वाले मंत्री शरद यादव ने उस करार पर दस्तखत कर दिए। उस करार में यह नहीं लिखा था कि-शीतलपेय का 'कन्संट्रेट' जितनी मात्रा में आयात होगा, निर्यात भी शीतलपेय का ही होगा। हमने देखा कि 'पेप्सी' ने किस तरह छोटे निर्यातकों को थोड़े ज्यादा पैसे देकर उनके बासमती, चाय, झींगा, मसाले और इसी तरह की चीजों की खेप पर अपना मोहरा लगाकर, अपने निर्यात का कोटा पूरा किया। उसने एक पैसे का भी शीतलपेय निर्यात नहीं किया।कानून बदलते ही 'कोक' भी पधार गया तथा स्वदेशी की ठेकेदारी करने वाले रमेश चौहान ने एक मोटा पैसा लिया और ज्यादातर धंधों से हाथ खींच लिया। उसके बाद काफी कुछ हुआ, लेकिन एक अजीब बात हुई कि 'थम्सअप' ही बाजार-लीडर बना रहा। यह एक अर्थ में शीतलपेय बाजार में देसी स्वाद के बने रहने का प्रमाण था। संभव है मुकेश अंबानी और उनकी टोली को यह चीज 'कैम्पा' के तीनों ब्रांड उतारने की बड़ी वजह लगी हो, पर उनसे भी पहले यह बात 'पेप्सी' जैसी कंपनी को समझ आ गई थी(

## पूनम का चाँद




आज सुबह पूनम का चाँद मेरे घर आया था
चाँदनी के रथ पर सवार उजाला छाया था।
मैंने पूछा कैसे हो तो बोला सफर में रहता हूँ
प्रकृति के नियम से बंधा निज कर्म में रहता हूँ।
कभी शिव के शीश पर सुशोभित होता हूँ
कभी किसी सुंदर चेहरे की उपमा बनता हूँ।
कभी किसी चकोर के दिल में धड़कता हूँ।
तो कभी किसी कवि की कल्पना बनता हूँ।
घटते-बढ़ते मेरा रंग रूप बदलता रहता है।
दिन बदलने से मेरा स्वरूप बदलता रहता है।
मैंने पूछा तुम तो रात के मुसाफिर हो आज दिन में भी क्या सूरज के हमसफर हो।
वो मुस्कुरा कर बोला बस जा रहा था
जाते जाते मगर ये खयाल आ रहा था।
अभी अंधेरा है कुछ और उजाला कर जाऊँ
सूरज से मिलके शायद मैं कुछ और निखर जाऊँ।
ये कायनात सदियों से यूँही चल रही है
हर रोज दिन निकलता है रात ढल रही है।
यूँ तो दिन-रात के हमसफर अलग होते हैं।
एक राह चलते वो कभी कभी मिल जाते हैं।
कुछ साथ रह कर भी अनजान बने रहते हैं
कुछ अचानक मिल कर हमसफर बन जाते हैं।
सबको अपने अपने जमीं -आसमां मिले हैं
अपनी मंज़िलें और अपने कारवाँ मिले हैं।
यह ज़िंदगी भी एक सफर है मुख़्तसर सा
मुसाफिर मिलते हैं चंद रोज बिछुड़ जाते हैं।
क्या पता कब एक दूसरे से दूर हो जाएं
क्यों न मिल कर उस ईश्वर का नूर हो जाएँ।
क्यों न मिल कर उस ईश्वर का नूर हो जाएँ।

**- डॉ निशा भार्गव, मोहाली।**

# जून आते ही आपातकाल की चर्चा शुरू

देश में एक बार फिर आपातकाल पर चर्चा छेड़ी जा चुकी है। पिछले 11 सालों से यह सिलसिला चल ही रहा है कि जून का महीना आते ही आपातकाल की याद दिलाकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके साथ कांग्रेस को भी कटघरे में खड़ा किया जाए। ठीक है कि इतिहास की गलतियों से सबक लेकर वर्तमान सुधारने और भविष्य को संवारने की नसीहत दी जाती रही है। लेकिन यहां मकसद कुछ और ही दिखता है। पहली बात तो यह कि आपातकाल किन हालात में लागू किया गया, संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही इस पर फैसला लिया गया या नहीं, अगर उस समय आपातकाल नहीं लगाया जाता तो क्या पूरे देश में अराजकता नहीं फैल जाती, इन बातों पर ईमानदारी से विचार न कर केवल एकतरफा राय थोपी जाती है कि इंदिरा गांधी तानाशाही मानसिकता की थीं, वे सारी शक्ति अपने हाथ में रखना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने आपातकाल लगाया। ऐसे इल्जाम लगाने वाले लोग भूल जाते हैं कि उन्हीं इंदिरा गांधी को फिर से जनता ने ही भारी बहुमत देकर सत्ता पर बिठाया था। खैर, आपातकाल आज से 50 बरस पुरानी बात है और इस एक फैसले के अलावा भी इंदिरा गांधी ने बहुत से अन्य क्रांतिकारी फैसले लिए थे, प्रिवीपर्स का खात्मा, बैंकों का राष्ट्रीयकरण,





परमाणु परीक्षण, बांग्लादेश का निर्माण, इन सब फैसलों की तारीख और साल भाजपा उस तरह से याद क्यों नहीं करती है, जैसे आपातकाल को करती है। यहीं मकसद की बात सिद्ध होती है कि जब अपनी सत्ता की उपलब्धियां गिनाने के लिए कुछ खास न रहे, तो फिर पूर्ववर्ती शासकों की गलतियां गिनाकर ध्यान भटकाया जाए। भाजपा इस समय इसी कार्य में लगी है।

आपातकाल के पचास बरस पर मोदी सरकार के 11 बरस भारी पड़ सकते थे, बशर्ते इस एक दशक में देश को सम्मान और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कोई काम हुआ होता। मगर 11 सालों की याद करें तो सबसे पहले योजना आयोग का खात्मा, फिर नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, किसान आंदोलन, सीएए, एनआरसी, जम्मू-कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लेना, उसे केंद्र शासित राज्य बनाकर दो हिस्सों में बांटना, राम मंदिर उद्घाटन ऐसे कार्य और फैसले ही याद आते हैं। इन सबमें उपलब्धि कम और विवाद ज्यादा खड़े हुए हैं, और जो रही-सही कसर थी, उसे डोनाल्ड ट्रंप के अपमानजनक व्यवहार ने पूरी कर दी।

भारत का वैश्विक स्तर पर अपमान करने की चेष्टा अमेरिका ने शुरू से की, लेकिन नेहरूजी से लेकर बाजपेयीजी और डा. मनमोहन सिंह तक सारे प्रधानमंत्रियों का रुतबा ऐसा था कि अमेरिका कोशिश ही करता रह गया, कभी कामयाब नहीं हुआ। अब डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ युद्धविराम पर बार-बार अपना दावा ठोंक रहे हैं और अब अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर पाकिस्तानी जनरल असीम मुनीर को खास न्यौता देकर ट्रंप ने भारत को नीचा दिखाने की चेष्टा की है। इधर कनाडा में होने जा रहे जी-7 को लेकर भी खुलासा हुआ है कि भारत को पहले इसमें आमंत्रित नहीं किया गया था, फिर प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने खुद फोन करके प्रधानमंत्री मोदी को आने का न्यौता दिया, लेकिन इससे पहले एक शर्त मनवा ली।

शर्त यह कि कनाडा के साथ कानून प्रवर्तन यानी लॉ इनफोर्समेंट में भारत सहयोग करेगा। नरेन्द्र मोदी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन प्रधानमंत्री कार्नी ने खुद इसकी जानकारी दी है। इसमें हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड का जिक्र खुल कर नहीं किया गया है। लेकिन ये समझना कठिन नहीं है कि कनाडा ने लॉ इनफोर्समेंट सहयोग की शर्त आखिर क्यों रखी। वह पहले भी भारत पर इस हत्या में भागीदार होने का इल्जाम लगा चुका है और दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास इसी मुद्दे के बाद बढ़ी थी। अब कनाडा अपनी शर्त मनवा कर भारत को न्यौता दे रहा है, इसका कैसा संदेश दुनिया में जाएगा, यह समझा जा सकता है। वैसे भी आखिर किसी समूह की बैठक में भागीदारी के लिए शर्त मानने की बात क्या उचित है, क्या यह भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाना नहीं है, यह भी विचारणीय है।

विदेश नीति से लेकर घरेलू मसलों तक कई मुद्दों पर इस समय व्यापक चर्चा की जरूरत है। संसद का मानसून सत्र तो अगले महीने शुरू होगा, लेकिन विपक्ष पिछले एक महीने से पहलगाम हमले और आपरेशन सिंदूर को लेकर संसद के विशेष सत्र की मांग करता रह गया और सरकार ने उसकी बात नहीं सुनी। क्या सत्ता की मनमर्जी आपातकाल जैसी ही नहीं लगती है। संसद में बैठे विपक्षी सांसदों की बात सरकार नहीं सुनती, अपने आलोचक लेखकों-पत्रकारों-बुद्धिजीवियों पर तरह-तरह के अंकुश लगाए जाते हैं, किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, विद्यार्थियों की तकलीफ सरकार नहीं समझ रही है, ये सब देश में अघोषित आपातकाल की तरह ही हैं। लेकिन सरकार इसे बहुमत का अधिकार समझ कर अपना शक्ति प्रदर्शन करने में लगी है। ऑपरेशन सिंदूर का राजनैतिक मकसद पूरा होता नहीं दिखा तो अब सरकार ने इसकी चर्चा थोड़ी कम कर ली है और साथ ही आपातकाल की 50वीं बरसी मनाने के लिए जो विशेष सत्र बुलाना था, उससे भी कदम पीछे खींचे गए, क्योंकि सत्र लगता तो फिर विपक्ष सरकार से वही सवाल पूछता जो महीने भर से पूछ रहा है। हालांकि अब एक और फैसले की जानकारी आई है कि देश के सभी जिलों में 25-26 जून को मॉक पार्लियामेंट यानी नकली संसद का आयोजन करेगी और छात्रों को आपातकाल की भयावहता के बारे में बताएगी कि किस तरह कांग्रेस ने उस समय सारी शक्ति अपने हाथ में करने की कोशिश की थी और यह लोकतंत्र पर कुठाराघात था।

# मन्दिरों में पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन बन्द हो

-ः ललित गर्गः-

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में पैसे लेकर दर्शन कराने वाले बाउंसरों की गिरफ्तारी के बाद श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में सुगम दर्शन के नाम पर एक साथ इक्कीस लोगों की गिरफ्तारी जहां मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है, वही ईश्वर के दरबार में पांव फैला रहा भ्रष्टाचार गहन चिन्ताजनक एवं शर्मनाक हैं। कुछ ही दिनों पहले ओंकारेश्वर स्थित ममलेश्वर मंदिर में भक्तों से वीआइपी दर्शन के नाम पर अवैध वसूली करने पर प्रशासन ने एक होमगार्ड जवान और दो पंडितों पर कार्रवाई की है। देश-विदेश के भक्त अगाध श्रद्धा से अपने आराध्य का दर्शन करने आते हैं, लेकिन देश के प्रमुख मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने के नाम पर पैसों की लूट मची है या वीआईपी संस्कृति के नाम पर त्रासद एवं भेदभावपूर्ण स्थितियां पसरी है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? मन्दिरों में गरीब एवं अमीर के बीच भेदभाव की स्थितियां खुला भ्रष्टाचार ही है। पैसे लेकर एवं वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था भी है। मंदिर का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की पहुंच में है। यह मन्दिर सुरक्षा कारणों से अतिसंवेदनशील स्थल होने के बावजूद ऐसा कृत्य खेदजनक ही नहीं, आपत्तिजनक भी है। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि दर्शन की प्रचलित व्यवस्था को और सुगम, भ्रष्टाचार व दोषरहित बनाए ताकि व्यवस्था में कोई सेंध न लगे और जन-आस्था आहत न हो। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में तो सुगम दर्शन का शुल्क भी जमा कराया जाता है पर ठगों की जमात ने शीघ्र दर्शन के नाम पर कमाई का नया रास्ता तलाश लिया। मंदिर प्रबंधन को चाहिए कि वह सुगम दर्शन व्यवस्था के नाम पर हो रही धांधली को गंभीरता से ले। फर्जी पंडा, गाइड बनकर लोगों को झांसे में लेने वाले लोग अचानक एक दिन में डेरा नहीं जमाए होंगे। यह सब काफी समय से चल रहा होगा। इस प्रकार की ठगी करने की संभावना कैसे बन जाती है, इसकी जांच होनी चाहिए। बात केवल ठाकुर बांके बिहारी मंदिर या श्रीकाशी विश्वनाथ धाम की ही नहीं है, बल्कि देश के प्रमुख मन्दिरों में बढ़ती जन-आस्था की भीड़ एवं लम्बी-लम्बी लाइनों के बीच पैसे लेकर या वीआईपी दर्शन कराने की त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों की हैं, जिसने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

बांके बिहारी मंदिर में एक बार फिर वीआईपी कल्चर का खेल सामने आया है। मंदिर की भीड़ से हटकर वीआईपी दर्शन कराने के नाम पर एक निजी सुरक्षा एजेंसी ने बाउंसर उपलब्ध कराकर पैसे कमाने का गोरखधंधा शुरू कर दिया था। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रचार कर यह दावा किया कि वे श्रद्धालुओं को भीड़ से बचाकर विशेष वीआईपी दर्शन कराने में मदद कर सकते हैं। यह तो घोषित गैरकानूनी व्यवस्था है, लेकिन अन्य प्रमुख मन्दिरों में भी मन्दिर से जुड़े लोग या अन्य ठग पैसे लेकर दर्शन कराते हैं। सबसे ज्यादा दुखद एवं विडम्बनापूर्ण है वीआईपी दर्शन का प्रचलन। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों मन्दिरों में वीआईपी दर्शन के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। दरअसल, वीआईपी संस्कृति का दायरा बहुत व्यापक है। यह धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र से लेकर आस्था तक, कई मौकों पर कुछ खास लोगों को विशेष सुविधाएं दी जाती हैं। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत कहता है कि सभी नागरिक समान हैं, फिर भी व्यवहार में कुछ लोग ह्यविशेषह्ण बन जाते हैं, चाहे वे सड़क पर हों, सरकारी दफ्तरों में, अस्पतालों में या मंदिरों में! इसी तरह, बड़े नेताओं और अधिकारियों के लिये मन्दिरों में सीधे दर्शन कराने की व्यवस्थाएं हैं, जिससे लम्बी कतारे और लम्बे समय का इंतजार करती है। ऐसी व्यवस्था से मन्दिरों एवं धार्मिक आयोजनों में हादसें भी होते हुए देखे गये हैं। इन वीआईपी के लिए अक्सर यातायात रोक दिया जाता है, जिससे आम जनता घंटों जाम में फंसी रहती है। अस्पतालों में वीआईपी वार्ड हैं, जबकि आम मरीजों को बिस्तर भी नहीं मिल पाता। एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों पर वीआईपी यात्रियों को विशेष सुविधाएं मिलती हैं, जबकि आम लोग लंबी कतारों में खड़े रहते हैं। वीआईपी संस्कृति एक नासूर बन गई है। यही कारण है कि हर सरकार वीआईपी संस्कृति को खत्म करने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में इसे बनाए रखने के नए-नए तरीके खोजे जाते हैं।

# महाकुंभ भगदड़ पर नए सवाल

जनता की सहनशक्ति, उसकी कमजोर स्मरणशक्ति या अन्याय के आगे खामोश रहने की आत्मघाती प्रवृत्ति, कारण जो भी हो, लेकिन ऐसी ही किसी वजह से देश में मानवनिर्मित (सरकार निर्मित पढ़ा जाए) आपदाएं थम ही नहीं रही हैं। छह महीने पहले महाकुंभ में भगदड़ मची थी, वह भी ऐसी ही एक आपदा थी। भाजपा सरकार ने इस महाकुंभ का आयोजन कुछ इस अंदाज में किया था मानो देश में मोदीजी सत्ता में हैं तो महाकुंभ का योग बना, अन्यथा नक्षत्र-तारे तो अपनी चाल बदल लेते। 144 साल बाद महाकुंभ का अद्भुत संयोग बना है, यही श्रद्धालुओं को बताया गया। देश ही नहीं विदेशों से भी आध्यात्म का सुख लेने लोग आ रहे हैं, इस बात को सगर्व सरकार और मीडिया ने प्रस्तुत किया। यानी कुंभ में डुबकी लगाने वाले तो सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठे, मगर सरकार इसी में खुश होती रही कि कितने विदेशियों ने यहां डुबकी लगाई। पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। बहुतों को धर्म का पालन करना था, बहुतों को भेड़ चाल का हिस्सा बनना था कि जब इतने लोग पहुंच रहे हैं तो हम भी पहुंच जाए। सरकार चाहती भी यही थी कि महाकुंभ के लिए रिकार्डतोड़ आगंतुक पहुंचें। रोजाना आंकड़े पेश होते थे, आज इतने लाख लोगों ने डुबकी लगाई, आज इतने लाख लोग और पहुंच गए। बताया गया कि करीब 7 हजार करोड़ रुपए महाकुंभ के आयोजन में खर्च हुए और 66 करोड़ लोग 45 दिन में पहुंचे।

सब कुछ अच्छे से चल रहा था और सरकार चाहती भी यही थी कि इस



सफल आयोजन की गूंज पूरी दुनिया में जाए। दुनिया के उन्नत देश ओलंपिक, फुटबॉल वर्ल्ड कप जैसे आयोजनों से जब अपनी धाक जमा सकते हैं, तो भारत महाकुंभ के जरिए अपनी धूम मचाना चाहती थी। लेकिन 29 जनवरी को मची भगदड़ ने महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। पहले तो उप्र सरकार ने यह स्वीकार ही नहीं किया था कि भगदड़ हुई है, जबकि दिल्ली से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने मृतकों के लिए श्रद्धांजलि पेश कर दी। इसके बाद सरकार ने माना कि भगदड़ हुई है, लेकिन उसमें कितने हताहत हुए, यह आंकड़े पहले पेश नहीं किए गए। जो पेश हुए, उनकी सच्चाई पर सवाल उठे। क्योंकि जहां एक साथ लाखों लोग मौजूद थे, वहां मौतों का आंकड़ा 37 बताया गया, जबकि कई पत्रकारों ने कहा था कि उन्होंने मुर्दाघरों में कहीं ज्यादा लाशें गिनी हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जब राज्यसभा में कुंभ में हजारों मौतों का हवाला दिया था तो भाजपा सांसदों ने उन्हें टोका था कि वे गलत कह रहे हैं। तब श्री खड़गे ने कहा था कि आप सही आंकड़े बता दीजिए। लेकिन संसद में इस पर मोदी सरकार ने चर्चा होने ही नहीं दी और उप्र विधानसभा में आदित्यनाथ योगी ने 37 मौतों का आंकड़ा दिया, साथ ही बताया कि इन्हें मुआवजा भी दिया गया है। लेकिन अब मीडिया संस्थान बीबीसी की रिपोर्ट ने महाकुंभ पर नए सवाल खड़े किए हैं। बीबीसी ने महाकुंभ की भगदड़ में प्रभावित लोगों के परिजनों से मुलाकात की, 11 राज्यों में 50 से अधिक जिलों में करीब सौ परिवारों से बीबीसी रिपोर्ट्स ने मुलाकात की।

## भारत को चाहिए संदेह से परे एक चुनाव आयोग

**- डॉ. ज्ञान पाठक**

सरकार किस तरह से चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रही है और भारतीय चुनाव आयोग पीएमओ की इच्छा के आगे झुक रहा है, यह दिसंबर, 2024 में स्पष्ट हो गया था, जब केंद्रीय कानून मंत्रालय ने 1961 के नियमों के नियम 93 (2) में संशोधन किया था, ताकि सार्वजनिक निरीक्षण के लिए खुले 'कागजात' या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित किया जा सके। यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय में भी गया स्वंतंत्रता के बाद से ऐसा कभी नहीं हुआ जब भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) पर लोगों का इतना अविश्वास रहा हो, जितना अब खुलकर व्यक्त किया जा रहा है। ईसीआई को चुनावी लड़ाई में एक तटस्थ अंपायर के रूप में अपना कर्तव्य निभाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कई मौकों पर ऐसा लगा कि यह प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का ही एक विस्तार है।



## प्रदेश में युवा जेजेपी से जुडने का अभियान 18 से: दिग्विजय चौटाला



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 15 जून।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आगामी 18 जून से प्रदेशभर में युवा जेजेपी से जुड? के लिए जिला कैथल से युवा जेजेपी जोड़ो अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में कर्मठ युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा और पार्टी संगठन को पहले से भी कहीं अधिक सशक्त बनाया जाएगा।
वे रविवार को जेजेपी के जिला कार्यालय में चार हलकों सिरसा, रानियां, कालांवाली तथा ऐलनाबाद के पदाधिकारियों व कार्यकताओं की आवश्यक बैठक को संबोधित कर रहे थे। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जिले में 25 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य हासिल करने वाला सिरसा पहला जिला होगा। उन्होंने पार्टी के ऐलनाबाद हलके के अध्यक्ष अनिल कासनियांके सुझाव को मानते हुए पूरे जिले में हलकाध्यक्षों का बोझ कम करने के लिए और सदस्यता अभियान को सार्थक बनाने के लिए जिले में अलग अलग जोन इंचार्ज बनाए जाने पर सहमति दी। दिग्विजय चौटाला ने भाजपा शासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज प्रदेश में भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश में आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। दिनोंदिन सरेआम दिन दहाड़े कत्ल हो रहे हैं, युवा परेशान है, नकली वेबसाइट से युवाओं को लूटा जा रहा है और बेरोजगारी की खाई कहीं बढ़ती जा रही है। उन्होंने हिसार में यूनिवर्सिटी में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर कहा कि वे छात्रों को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लगातार लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में सिंचाई के लिए तो दूर, पीने की भी भारी किल्लत हो रही है। उन्होंने इन सभी मुद्दों को लेकर जेजेपी द्वारा संघर्ष करने की बात कही। इससे पूर्व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जेजेपी के मेगा सदस्यता अभियान का भी आगाज किया गया।
जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला प्रभारी राजेंद्र लितानी, धर्मपाल वर्मा ने भी संबोधित किया। दोनों जिला प्रभारियों ने कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं से कहा कि वे 2029 विस चुनावों की अभी से तैयारी करें और पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएं। वहीं जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि आज हर वर्ग मौजूदा सरकार से परेशान है। जेजेपी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को चौधरी देवीलाल की नीतियों का प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर तथा हलका स्तर पर सभी कार्यकताओं को सदस्यता अभियान अपनी मेहनत से सफल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी के बड़े नेता इस अभियान को लेकर गांव गांव शायद न जा सकें, यह जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को निभानी होगी। बैठक में जेजेपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रधान महासचिव राधेश्याम शर्मा, जेजेपी जिला कार्यलय प्रभारी हरिसिंह भारी, एडवोकेट सुरेंद्र कुमार, अंजनी लढा, उपरोक्त चारों हलकों के अध्यक्ष, जिला प्रेस प्रवक्ता अमर सिंह ज्याणी सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मां-बेटा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 15 जून।** गांव खाजाखेड़ा से एक महिला अपने बेटे सहित संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।
पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि बीती 27 मई की सुबह उसकी पत्नी अपने बेटे के साथ किसी काम से गई थी, लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## युवक 5 किलोग्राम चूरापोस्त सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 15 जून।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने गांव केवल क्षेत्र से एक युवक को 5 किलो 156 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है।
सीआईए कालांवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि एसआई रामस्वरूप पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव केवल में मौजूद थे। इस दौरान उनको विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि केवल निवासी एक युवक नशा तस्करी का काम करता है जो आज भी नशा तस्करी की फिराक में है। उन्होंने सूचना के अनुसार बताए स्थान बस अड्डा केवल पर निगरानी करनी शुरू की। कुछ देर बाद एक युवक अपने हाथ मे प्लास्टिक का गट्टा लेकर गांव की ओर से बस अड्डा केवल की तरफ आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर वापस मुडकर जाने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त शख्स को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 5 किलो 156 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपी की पहचान हरप्रीत सिंह पुत्र राज सिंह निवासी केवल के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## 93 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**इस्माइलाबाद, 15 जून।** गांव झांसा की अग्रवाल धर्मशाला में मे आई हैल्प यू ग्रूप द्वारा पितृ दिवस एवं वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। इस कैम्प में डाक्टर विश्वजीत की अगुवाई मे जीएमसीएच सेक्टर 32 की टीम रक्त एकत्रित करने के लिए पहुंची । इस मौके पर 93 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में गांव झांसा के सरपंच पवन गाबा ने शिरकत की। उन्होने कहा कि रक्तदान का कार्य सबसे महान है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं । क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा किया रक्तदान तीन लोगों की जिन्दगी बचा सकता है। कैम्प में आए सभी अतिथियों को पौधा देकर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश भी दिया। कैम्प के इंचार्ज के रूप में भवदीप मॉड और साहिल जसूजा ने कार्यभार संभाला।उपप्रधान परविंदर सिंह ने कहा कि ग्रुप निरन्तर रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान दे रहा है। इस मौके पर मे आई हैल्प यू ग्रूप टीम के सदस्य करन कटारिया, मलकीत सिंह, वरुण जसूजा, अकी राय, संजीव गर्ग, डॉक्टर संत, बिट्टू अनेजा, नीरज सिंगला, सौरव गर्ग, परविन्द्र सिंह और उमेश वर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

## कैरू की बेटी पायल तंवर बनी भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**कैरू, 15 जून।** गांव कैरू की बेटी पायल तंवर ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर ना केवल अपने गांव व परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के लिए भी प्रेरणा की मिसाल कायम की है। पायल तंवर की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पूर्व विधायक शशीरंजन परमार ने गांव कैरू में पहुंचकर बेटी पायल तंवर को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक शशीरंजन परमार ने बताया कि पायल तंवर एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखती है, जिसकी तीन पीढि?ां देश सेवा में जुटी हुई हैं। उनके दादा हनुमान सिंह ने वर्ष 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में घायल होने के बावजूद भी वीरता का परिचय दिया था, जिसके चलते उन्हे वीरता पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। वही पायल के पिता सुरेश फौजी भी पाकिस्तान के साथ युद्ध का हिस्सा रहकर देश की सुरक्षा में अपनी अहम भूमिका निभा चुके है। जिसके बाद अब पायल खुद देश की रक्षा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हो गई हैं।

# आयुष कैथल से 476 लोगो ने लिया योग मैराथन कुरुक्षेत्र में हिस्सा

## योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का मिला संदेश :- डॉ. शकुंतला दहिया

**हरियाणा वाटिका/विकास कुमार**
**कैथल, 15 जून।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि महानिदेशक आयुष विभाग हरियाणा के आदेशानुसार रविवार को ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय योग मैराथन के आयोजन में आयुष विभाग कैथल से 476 लोगों ने भाग लिया।
उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुई योग मैराथन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी रहे एवं उन्होंने योग मैराथन दौड़ में प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाते हुए योग मैराथन की शुरूआत की तथा योग युक्त हरियाणा, नशा मुक्त हरियाणा का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में कैथल आयुष विभाग के स्टाफ सदस्यों, योग व्यायामशालाओ में नियमित योग साधकों ने सुबह सवेरे बसों के माध्यम से पहुंचकर योग मैराथन में हिस्सा लिया।
आयुष विभाग के नोडल अधिकारी एवं




आयुष योग सहायक की अध्यक्षता में 7 खंडो से बस योग मेराथन में पहुंची।
कैथल में डॉ राजेन्द्र कुमार, संदीप तंवर कलायत में डॉ सुनीता, विजेंदर कुमार, राजौंद मे डॉ रमेश माथुर, देवेंद्र सिंह, पूंडरी में डॉ सौरव, सर्जन सिंह, ढांड में डॉ प्रेमचंद, राजकुमार, सीवन में डॉ प्रदीप शर्मा सत्यवान, गुहला में डॉ विक्रमजीत डोगरा, संदीप राजराणा की देख रेख में योग मैराथन के प्रतिभागियों को गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया। डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि योग मैराथन में कैथल से प्रतिभागियों को ले जाने का लक्ष्य नशे से दूर रहना है क्योंकि नशा जीवन को तबाह कर देता है, योग ही ऐसा सरल एवं सहज उपाय है जिससे आत्मबल एवं चेतना को विकसित करके नशे से मुक्ति मिल सकती है, युवा को नशे से दूर रहना चाहिए तथा योगमय जीवन बनाकर प्रगति की राह पर बढ़ना चाहिए एवं योग युक्त होंगे तभी नशा से मुक्त होंगे।

# तमन्ना व वंश फामेर्सी द्वितीय वर्ष के परिणामों में रहे प्रथम, द्वितीय

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 15 जून।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंस की ओर से फामेर्सी द्वितीय वर्ष के घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज संस्थान के फॉमेर्सी कॉलेज के दो विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर संस्थान को गौरवान्वित किया है। संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता ने बताया कि परीक्षा परिणाम में उनके संस्थान की छात्रा तमन्ना ने इस परीक्षा परिणाम में 725 में से 593 अंक हासिल कर संस्थान में प्रथम एवं जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं छात्र वंश ने





576 अंक प्राप्त कर संस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। संस्थान के चेयरमैन एनके गुप्ता ने इस उपलब्धि के लिए तमन्ना तथा वंश को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत एवं समर्पण से ही बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। वहीं संस्थान के प्राचार्य संजीव कालरा ने भी इस सफल परिणाम के लिए दोनों विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सफलता में जितना योगदान विद्यार्थियों का है उतना ही संस्थान के अध्यापकों का है, जिन्होंने हर विषय को बहुत अच्छे से पढ़ाया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। वहीं इस उपलब्धि पर संस्थान की काउंसलर एकता कालरा ने द्वितीय सत्र के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए तमन्ना एवं वंश को रोल मॉडल बताया। इसी प्रकार प्रबंधन समिति के सचिव पुलकित गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल एवं नर्सिंग संस्थान की प्रिंसिपल कुलविंद्र ने भी प्रसन्नता जाहिर करते हुए तमन्ना व वंश को उनकी उपलब्धि पर ढेरों बधाई दी हैं।

# पुलिस ने 12 घंटे में सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

## घरेलू क्लेश में बेटे ने पिता की हत्या कर शव नहर में फेंका

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 15 जून।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा-निदेर्शानुसार कार्य करते हुए मंगाली चौकी पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को मात्र 12 घंटे में सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी गांव हरिकोट निवासी विजेंदर को गिरफ्तार किया है।
चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी विजेंदर ने घरेलू विवाद के चलते



अपने पिता रमेश कुमार के सिर में वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने शव को स्याहवड़ा नहर में फेंक दिया ताकि यह प्रतीत हो कि मृत्यु डूबने से हुई है। उल्लेखनीय है कि 13 जून 2025 को स्याहवड़ा पंप हाउस के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ था, जिसके सिर पर गहरी चोट के निशान थे।
पुलिस ने शव की पहचान व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का मामला थाना आजाद नगर में दर्ज किया। बाद में शव की पहचान गांव हरिकोट निवासी रमेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर विजेंदर को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि विजेंदर ने अपनी मां के साथ मिलकर यह वारदात की। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में आगे की पूछताछ व जांच जारी है।

## कैंसर जागरूकता कैंप आयोजित

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 15 जून।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता को बढ़ावा देने एवं समाज में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समय रहते सतर्कता और परामर्श प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष कैंसर जागरूकता एवं निशुल्क जांच शिविर का आयोजन यहां श्री कृष्ण मंदिर, सेक्टर-14 में किया गया ।
इस शिविर का आयोजन अमूल्य सहारा (एन.जी.ओ.), द्वारा, अमृतधारा माई हॉस्पिटल, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, डीएवी कॉलेज फॉर विमेन के संयुक्त सहयोग से किया गया।

# मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ केक काटकर मनाया फादर्स डे

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को फादर्स डे की शुभकामनाएं दी

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 15 जून।** बुजुर्गों को निशुल्क आवास, भोजन व चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम में फादर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके बुजुर्गों को पितृ दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। बुक वॉर्मस एंड एमएनएस द स्टूडियो के तत्वावधान में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के दौरान केक काटकर बुजुर्गों का मुंह मीठा करवाया गया। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु, स्टूडियो की संचालिका काशनी



तायल, अभिनव तायल, जगदीप भार्गव, अनुभा तायल, अन्नु भार्गव, कर्णदेव तायल व आशा क्वात्रा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस स्टूडियो के मार्गदर्शन में छोटे बच्चों को पढ?ा-लिखना एवं अन्य एक्टिविटी सिखाई जाती हैं। इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों से जोडना भी इनका उद्देश्य है। इसी उद्देश्य के तहत बच्चों को मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से मुलाकात करवाई गई। स्टूडियो से जुड़े बच्चों व अन्य सदस्यों ने मोक्ष वृद्धाश्रम का अवलोकन किया और बुजुर्गों की दिनचर्या व गतिविधियों को समझा। इस अवसर पर माता पंकज संधीर ने कहा कि मोक्ष वृद्धाश्रम में हर बुजुर्ग की सेवा अपने माता-पिता समझकर की जाती है। इसलिए उनको समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी मोक्ष वृद्धाश्रम प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम द्वारा मंदबुद्धि महिला आश्रम का संचालन भी किया जा रहा है। मोक्ष वृद्धाश्रम व मंदबुद्धि महिला आश्रम के संचालन में समाज के विभिन्न वर्गों का विशेष योगदान रहता है। बहुत से परिवार जन्मदिन, सालगिरह या त्योहार यहां आश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ मिलकर मनाते हैं।

# चेयरमैन ने बरसाती लाइन का किया निरीक्षण

## ठेकेदार को नियमानुसार विकास कार्य करने के दिया आदेश

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 15 जून।** शहर में अमृत प्रोजेक्ट-दो के तहत बरसाती लाइन बिछाने का कार्य जारी है। बीते दिवस जनता भवन रोड पर चल रहे बरसाती लाइन बिछाने के विकास कार्यों को लेकर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रितेश सरदाना व स्थानीय लोगों ने लाइन बिछाने में अनियमित्ताएं बरतने के आरोप लगाए थे। इस दौरान यू-टयूबर ने ठेकेदार द्वारा विकास कार्यों में बरती जा रही अनियमितता का वीडियो बनाकर वायरल भी किया था। इसके बाद रविवार को नगर परिषद के चेयरमैन वीर शांति स्वरूप विकास कार्य देखने को लेकर पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार के सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए कहा कि बरसाती लाइन बिछाने में कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। यदि दोबारा शिकायत मिली तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की धांधली बर्दाशत नहीं होगी। चेयरमैन ने एक पांच सदस्यीय कमेटी बनाते हुए काम की निगरानी करने का कहा।



उल्लेखनीय है कि जब से शहर में बरसाती लाइन बिछाने का कार्य शुरू हुआ है तभी से भ्रष्टाचार के आरोप लोगों द्वारा लगाए जा रहे हैं। शहर में कहीं भी कोई भी कार्य किया जा रहा हो उसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते है।
शहर में पैच वर्क का कार्य हो या कोई गली निर्माण का कार्य स्थानीय यह कहने से नहं चूकते की विकास शहर का नही अधिकारियों और ठेकेदार का हो रहा है। आखिरकर कई दिनों से बरसाती प्रोजेक्ट को लेकर उठने वाली भ्रष्टाचार की आवाज शनिवार को चेयरमैन के कानों तक पहुंच ही गई। चेयरमैन अपने कार्यालय से बाहर निकले और रविवार दोपहर को विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंच गए। चेयरमैन के आने से पूर्व ही ठेकेदार के सुपरवाइजर बरसाती पाइप के नीचे सीमेंट का बेड बनाकर स्थानीय लोगों व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि को दिखाया कि पाइप के नीचे सीमेंट, बजरी और केसर डाली जा रही है। जबकि शनिवार को इससे पीछे डाली गई बरसाती पाइप के नीचे सीमेंट का बेड नहीं बनाने का आरोप लगाने पर ठेकेदार के आदमी कार्य बीच में ही छोडकर चले गए थे।

**ठेकेदार ने कहा कि आप लोग खुद मॉनिटरिंग कर लेः**
बरसाती लाइन बिछाने वाला ठेकेदार के सुपरवाइजर ने कहा कि विकास कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जा रही है। नियमानुसार कार्य किया जा रहा है। पार्षद चाहे तो स्वयं मौके पर खड़े होकर विकास कार्य करवा सकते है। उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

**पार्षद प्रतिनिधियों को नजर आता है भ्रष्टाचारः**
शहर में भले ही जनता ने 32 पार्षदों को चुना है। अधिकतर पार्षदों को भ्रष्टाचार व अन्य विकास कार्य नजर नहीं आते है। उनकी जगह पर उनके प्रतिनिधि दिन भर सडकों पर चक्कर काटते हुए नजर आते है। विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करते दिखाई देते है। कई पार्षद ऐसे है जिन्हें चार माह से उनकी वार्ड की जनता तक नहीं देखा है। कुछ ऐसा ही आलम जनता भवन में चल रहे बरसाती लाइन बिछाने के कार्य में नजर आ रहा है। पार्षद से ज्यादा पार्षद के प्रतिनिधि इसमें रूझान दिखा रहे है। जिसको लेकर हर कोई हैरान है।
नगरपरिषद के चेयरमैन वीर शांति स्वरुप ने कहा कि विकास कार्य का निरीक्षण किया गया है। सुपरवाइजर को पार्षदों की मौजूदगी में काम करने के निर्देश दिए है। विकास कार्य में धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए लोग जरूर बरतें एहतियात : डॉ. नैन, दोपहर 12 से सायं 03 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए

**हरियाणा वाटिका/दीपक माहेश्वरी**
**तोशाम, 14 जून।** एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम के मद्देनजर हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू व हीट वेव का खतरा बढ़ रहा है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडियों, पढने वाले बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम सब लू से बचे रहें। यानी हीट वेव से बचाव इलाज से बेहतर है।
एसडीएम डॉ. नैन ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें,

**पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं...**
भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का भरपूर सेवन कर तरोताजा रहें। बच्चों को वाहनों में अकेले छोडकर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाने दें, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास जरूर रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत व खलीहान में काम कर रहे हैं, तो समय-समय पर पेड़ या छाया में आसरा अवश्य लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन कतई ना करें। ताजे फल, सलाद तथा हरी सब्जिया और घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 03 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं और उनके परामर्श से ही उन्हें खाने पीने की वस्तुएं दें।
एसडीएम डॉ. नैन ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें, ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो, यदि वे गर्मी से बैचेनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें,उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं, उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें।
पशु पालन एवं डेयरी विभाग के उपमंडल अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा ने बताया कि पालतू जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें, उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें। ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें, यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे, अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें, जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें, यदि आपके पास कुत्ता है तो उसे गर्मी में न टहलाएं, उन्हें सुबह और शाम को घुमाएं जब मौसम ठंडा हो, कुत्ते को गर्म सतह (पटरी, तारकोल की सडक, गर्म रेत) पर न टहलाएं, किसी भी स्थिति में जानवर को वाहन में न छोड़ें।

## एईएसएल फरीदाबाद की अविका ने नीट यूजी 2025 में हासिल की एआईआर 5



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**फरीदाबाद, 14 जून।** देश की प्रमुख टेस्ट प्रिपरेशन संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आज गर्वपूर्वक घोषणा की कि फरीदाबाद की अविका अग्रवाल ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 5 प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह असाधारण सफलता अविका की प्रतिबद्धता, शैक्षणिक अनुशासन और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग व मार्गदर्शन का परिणाम है। यह परीक्षा परिणाम आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। अविका एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम की छात्रा रही हैं, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धी मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, संकल्पनाओं की स्पष्टता और अनुशासित व निरंतर अध्ययन पद्धति को दिया।
अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए अविका ने कहा, मैं आकाश की बहुत आभारी हूं। इस पूरी यात्रा में मुझे जो मार्गदर्शन, सुव्यवस्थित स्टडी मैटेरियल, विशेषज्ञ शिक्षकों का सहयोग और व्यक्तिगत मेंटरिंग मिली, उसने जटिल विषयों को समझने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने में मेरी बेहद मदद की। एईएसएल के बिना यह सफलता संभव नहीं थी।
एईएसएल के चीफ अकादमिक व बिजनेस हेड डॉ. यश पाल ने अविका सहित सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें बेहद गर्व है। यह परीक्षा पूरे देश से लाखों छात्रों की भागीदारी के साथ होती है और उसमें टॉप रैंक हासिल करना निश्चित ही कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इन सफलताओं के पीछे न केवल छात्रों की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का सहयोग और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता भी है। हम अविका को उनके उज्ज्वल चिकित्सा करियर के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं।

## शांतनु मर्डर मामले में आरोपियों को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार: डीएसपी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 14 जून।** शाहबाद में शांतनु मर्डर मामले में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की करीब 7 कई टीमें आरोपियों की तलाश में लगाई गई हैं। जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक



मुख्यालय सुनील कुमार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे पुलिस को सूचना मिली कि दिल्ली-चंडीगढ़ नैशनल हाईवे-44 पर मारकंडा पुल के पास स्तिथ मीना मार्केट के पास एक व्यक्ति पर गोली चलाई गई हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची। पुलिस ने मौका पर पहुंचकर घायल को आदेश मैडिकल हस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मूल रुप से वासी हाल वासी शाहबाद शराब कारोबारी शांतनु के रुप में हुई। पुलिस की सीन आफ क्राईम टीम ने मौका पर पहुंचकर छानबीन की। आरोपी अपनी मोटरसाइकिल छोड़कर नेशनल हाईवे की दूसरी तरफ भागे। आरोपियों ने एक राहगीर से हथियार की नोक पर मोटर साईकिल छीनी और फरार हो गए।

# हरियाणा ने मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी हासिल की है : आरती सिंह राव

## राज्य में मातृ मृत्यु दर 106 से घटकर 89 पर आ गई है

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 15 जून।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2020-22) के अनुसार, राज्य में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 106 (2019-21) से घटकर 89 पर आ गई है, जो 17 अंकों का उल्लेखनीय सुधार है।
स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों को दर्शाती है। मातृ मृत्यु दर में कमी का अर्थ है कि राज्य भर में समर्पित चिकित्सा और स्वास्थ्य कर्मचारियों के ठोस प्रयासों के कारण इस अवधि के दौरान लगभग 300 और माताओं की जान बचाई गई।
स्वास्थ्य विभाग मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका अंतिम लक्ष्य सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करना है, जो प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम मातृ मृत्यु दर है। उन्होंने कहा कि मातृ स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय शुरू किए गए हैं। सभी सरकारी प्रसव केंद्रों का आधुनिकीकरण किया गया है और अब वे सुरक्षित और सम्मानजनक प्रसव अनुभव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दवाओं, उपकरणों और रसद से पूरी तरह सुसज्जित हैं। सी-सेक्शन करने में सक्षम नामित प्रथम रेफरल इकाइयों (एफआरयू) की संख्या बढ़कर 87 हो गई है, जिससे समय पर आपातकालीन प्रसूति देखभाल सुनिश्चित हो रही है।
इसके अलावा, एचआरपी मार्गदर्शन नोट के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की व्यवस्थित पहचान और प्रबंधन किया जा रहा है। सुरक्षित जननी माह (एसजेएम), उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की जांच और सहायता के लिए एक मासिक अभियान चलाया जा रहा है, ताकि समय पर पता लगाने और हस्तक्षेप में सुधार हो सके। राज्य और जिला स्तर पर नियमित समीक्षा, साथ ही एक-से-एक मातृ मृत्यु ऑडिट, डेटा-संचालित हस्तक्षेप और नीति सुधारों का मार्गदर्शन करने में मदद कर रहे हैं।
हरियाणा के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मिशन निदेशक डॉ. आर.एस. ढिल्लों ने बताया कि राज्य में संस्थागत प्रसव 2024-25 में 98.3% तक पहुँच गए हैं (एचएमआईएस डेटा के अनुसार), जो सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सार्वजनिक विश्वास और सुरक्षित प्रसव तक व्यापक पहुँच का संकेत देते हैं।
इसके अतिरिक्त, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) और जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) जैसी केंद्र प्रायोजित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। ये कार्यक्रम सुनिश्चित करते हैं कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का उपयोग करने वाली गर्भवती महिलाओं को मुफ्त दवाएँ, नैदानिक सेवाएँ, भोजन, रक्त आधान और रेफरल परिवहन प्राप्त हों। यह पहल जेब से होने वाले खर्चों को खत्म करती है और सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का स्वास्थ्य विभाग मातृ स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# दयालु योजना- मृत्यु या दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 15 जून।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) लागू की गई है। इसके तहत प्रदेश के गरीब परिवारों में 6 से 60 साल की आयु तक के किसी व्यक्ति की मृत्यु होने अथवा दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद दी जा रही है। इस योजना के दायरे में एक लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले परिवार आएंगे। आवेदन के लिए परिवार के पास पीपीपी होना जरूरी है। यदि परिवार में किसी की दुर्घटना या प्राकृतिक मौत हुई है तो उसके लिए मृत्यु प्रमाण पत्र देना होगा। यदि व्यक्ति हादसे में दिव्यांग हुआ है तो उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र, अस्पताल से डिस्चार्ज के दस्तावेज और एफआईआर की कॉपी जरूरी है।
उन्होंने उत्तम सिंह ने कहा कि दयालु योजना का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता करना है, जिससे उन्हें सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र में जो बैंक खाता नंबर दिया हुआ है, उसी में सहायता राशि को भेजा जाएगा। दुर्घटना होने के तीन माह के भीतर इस योजना के तहत आवेदन करना आवश्यक है। इसके लिए सरकार ने दयालु पोर्टल बनाया हुआ है जिस पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
कितनी मिलेगी आर्थिक मदद
श्री सिंह ने कहा कि दयालु योजना के तहत गरीब परिवारों के 6 से 12 साल तक के बच्चे की मृत्यु या 100 प्रतिशत दिव्यांग होने पर एक लाख रुपये दिए जाएंगे। इसी प्रकार से 12 से 18 वर्ष की आयु पर 2 लाख, 18 से 25 वर्ष की आयु तक 3 लाख, 25 से 45 वर्ष की आयु पर 5 लाख और इसके बाद 60 साल की आयु पर 3 लाख रुपये का प्रावधान है।

# बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 15 जून।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल ँ३३स्र२://६१२ि.ॅङ्म५.ल्ल/ पर आवेदन किए जा सकते हैं।
उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2025 के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष तक की हो, को ही प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा चयनित बालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।
उन्होंने कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी उसके बाद फाइनल नामों का चयन राष्ट्रीय समिति द्वारा किया जाएगा।


# जत्थेदार दादूवाल को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनाना ऐतिहासिक : गुरु प्रसाद

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 15 जून।** देश के जाने माने इंटरनेशनल सिख धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादुवाल को फिर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रवंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैंन बनाए जाने पर एच एस जी पी सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने खुशी जाहिर की है। इसे ऐतिहासिक कदम बताया है।उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कमेटी के सदस्य, बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अध्यात्मिक संत है। उन्हे यू एन ओ ने भी सिख अध्यात्मिक संत के रूप मे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल की अगुवाई मे एच एस जी पी सी की धर्म प्रचार कमेटी सिख पंथ का प्रचार करेगी। एच एस जी पी सी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि श्री दादुवाल को अगवाई मे सिख धर्म का प्रचार ऐतिहासिक तरीके से होगा।

# पुरानी रंजिश के चलते युवक पर हमला करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 15 जून।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा-निर्देश अनुसार कार्रवाई करते हुए हिसार पुलिस की स्पेशल स्टाफ और थाना एचटीएम टीम ने एक जानलेवा हमले के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह हमला सूर्य नगर निवासी विक्रम उर्फ विक्रमजीत पर किया गया था।
जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि 5 जून 2025 की रात विक्रम उर्फ विक्रमजीत पर पुरानी रंजिश के चलते इन आरोपियों ने हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थीं। शिकायतकर्ता के अनुसार, उक्त रात बिट्टू, प्रहलाद, विकास, विशांत सोनी और अन्य ने उसका रास्ता रोक लिया। दीपू नामक एक व्यक्ति ने उस पर गोली चलाने का प्रयास किया, जो चल नहीं पाई। इसके बाद दयानंद सहित अन्य आरोपियों ने गंडासी, लाठी और डंडों से उस पर जानलेवा हमला किया। घायल अवस्था में विक्रम को जिंदल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से मिली सूचना के आधार पर थाना ॥ञरू में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। जांच में सामने आया कि यह हमला पूर्व झगड़े की रंजिश के चलते किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच मुख्य आरोपियों को काबू किया। पूछताछ के बाद उन्हें अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

# दो दिवसीय आत्म-सम्मोहन ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के साधकों ने लिया हिस्सा



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 15 जून।** आत्म-सम्मोहन कला पर आधारित दो दिवसीय ध्यान शिविर आत्मविश्वास व आध्यात्मिक विकास के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में आयोजित कि गए इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढक? हिस्सा लिया और ध्यान की विभिन्न विधियों को समझकर उनका अभ्यास किया। हिसार से बाहर से आने वाले साधकों के भोजन व आवास की समुचित व्यवस्था ओशो ध्यान उपवन में ही रही।
स्वामी संजय, मां सांची व मां प्रियांशी ने आत्म-सम्मोहन कला से जुड़े विविध आयामों को स्पष्ट करते हुए इस कला को आत्मसात करने का आह्वान किया। स्वामी संजय ने कहा कि मनुष्य बहुत बार श्रेष्ठ कार्य करने का संकल्प लेता है लेकिन फिर वह डगमगा जाता है। ऐसी स्थिति में आत्म-सम्मोहन कला से संकल्प को प्रगाढ़ किया जा सकता है। स्वामी संजय ने कहा कि देखा जाए तो जीवन के हर क्षेत्र में आत्म-सम्मोहन की कला का उपयोग करके अपनी जिंदगी को खुशहाल बनाया जा सकता है। ओशो ध्यान उपवन में इस शिविर के साथ ही रविवारीय ध्यान सत्र का आयोजन भी किया गया। इस ध्यान सत्र के दौरान मां सांची ने साधकों को ध्यान की विधियों से रूबरू करवाया और उन्हें अपनी दिनचर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया। मां सांची ने ध्यान सत्र के दौरान कहा कि ध्यान करते हुए अपने भीतर गहरे उतरते हुए अलग अनुभूति की जा सकती है। रविवार को दो दिवसीय आत्म-सम्मोहन ध्यान शिविर का विधिवत ढंग से समापन हुआ। सभी साधक तरोताजा दिखाई दिए और सभी ने इस बात का संकल्प किया कि वे इस कला को अपने जीवन में अपनाएंगे और अन्य साधकों को इसे समझने के लिए प्रेरित करेंगे।

# बड़े शहरों की तर्ज पर अब भिवानी में भी मिलेगी बेहतरीन चिकित्सा सुविधा

## रोहतक व दादरी के बाद अब भिवानी में भी सनफ्लेग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का हुआ शुभारंभ



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 15 जून।** जिले के लोगों को बड़े शहरों की तर्ज पर आधुनिक व बेहतर चिकित्सा सुविधा अपने ही शहर में मुहैया करवाने के उद्देश्य से रोहतक व दादरी के बाद अब भिवानी में भी सनफ्लेग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का रविवार को शुभारंभ हुआ।
इस मौके पर सनफ्लेग मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डा. दिनेश सनसनवाल ने बताया कि उनका उद्देश्य भिवानी के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने ही शहर में मुहैया करवाना था तथा इसी कड़ी में इस अस्पताल का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर 24 घंटे स्पेशलिटी चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। अस्पताल में जरनल मैडिसीन, लेप्रोस्कोपिक सर्जनी, नॉर्मल डिलीवरी, सीजेरियरन, बच्चा दानी का ऑप्रेशन, ट्रामा सैंटर, श्वास के रोग, गुद्दा रोग, पित्त की थैली, दूरबीन से ऑपरेशन, पत्थरी, मूत्र संबंधी विकास, फ्रेक्चर, घुटने व कुल्हे बदलने जैसे ऑपरेशन आईसीय, वेंटीलेटर, सांप के काटे का इलाज व जहर खाए हुए व अन्य रोगियों का उपचार होगा। उन्होंने कहा कि यह मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल केवल एक इमारत या संस्था नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।
वहीं विधायक घनश्याम सर्राफ व चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का शुभारंभ किसी भी शहर या क्षेत्र के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण होता है। इसके सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी अनेक सकारात्मक प्रभाव होते हैं। इससे डॉक्टर, नर्स, टेक्नीशियन, सफाई कर्मचारी, प्रशासनिक स्टाफ आदि के लिए रोजगार के कई नए द्वार खुलते हैं। वही ऐसे अस्पताल समय-समय पर मुफ्त चेकअप कैंप, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान शिविर आदि आयोजित करते हैं, जिससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

# ' जहां सफाई होती है वहां ईश्वर का वास होता है '



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 15 जून।** स्थानीय कीर्ति नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा पार्क में पार्क समिति द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान का शुभारंभ करते हुए मार्केट कमेटी भिवानी के मंडी सुपरवाईजर योगेश शर्मा झरवाई ने कहा कि साफ-सफाई का हमारे जीवन में विशेष महत्व होता है। धार्मिक ग्रंथों में लिखा हुआ है कि जहां सफाई होती वहां ईश्वर का वास होता है। इसलिए हमें अपने आस-पास के परिवेश को साफ सुथरा रखना चाहिए। सेवानिवृत बीडीपीओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि पार्क समिति द्वारा समय-समय पर सफाई व पौधा रोपण अभियान चलाकर तथा सभी महापुरूषों व शहीदों की पुण्यतिथि और जयंती मनाकर युवा पीढ़ी को जागरूक किया जाता है। इस अवसर पर नगर पार्षद अंकुर कौशिक समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर : बुजुर्गों के सम्मान व स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के सौजन्य से गांव दुधला के सामुदायिक केंद्र में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ ब्रेन एंड स्पाइन न्यूरोसर्जन डॉ.हिमांशु जैन ने कहा कि बुजुर्ग किसी भी समाज की जड़ें होते हैं। उनके साथ दुर्व्यवहार केवल नैतिक अपराध ही नहीं, बल्कि मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा आघात पहुंचाता है। तनाव, अवसाद, हाइपरटेंशन, नींद न आना और तंत्रिका संबंधी रोग ऐसे ही दुर्व्यवहार की देन हो सकते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने बुजुर्गों को स्नेह, सम्मान व स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करें। शिविर संयोजक डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आज 2009वें निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. संजय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता आज भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे चिकित्सा शिविर प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के माध्यम से गंभीर बीमारियों की रोकथाम में सहायक सिद्ध होते हैं। हमारी टीम निरंतर इस दिशा में सेवाभाव से कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रहेंगे।" स्वास्थ्य शिविर में कुल 107 रोगियों की विभिन्न जांचें की गईं, जिसमें ब्लड शुगर, प्लस रेट, हीमोग्लोबिन आदि की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। गांव दुधला के सरपंच रघुबीर सिंह ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ संजय शर्मा व डॉ प्रीति का अभिनन्दन व स्वागत करते हुए कहा कि डॉ. हिमांशु जैन एवं उनकी टीम का गांव में आकर सेवा देना हमारे लिए गौरव की बात है। ग्रामीणों को घर द्वार पर विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। हम आशा करते हैं कि यह सिलसिला आगे भी निरंतर चलता रहेगा। इस दौरान सुखबीर सिंह, महिंदर सिंह, सतबीर सिंह, सुल्तान सिंह, दर्शन सिंह, मोनिका कोऑर्डिनेटर जी.एन.एम, अंजू जीएनएम, रिया, गौरव, प्रवीण, कुलदीप सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बंदियों को दी गई आध्यात्मिक दिशा : जिला कारागार में श्रीमद्भगवद गीता पाठ का आयोजन



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 15 जून।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के मार्गदर्शन में जीयो गीता अभियान के तहत स्थानीय जिला कारागार में रविवार को एक विशेष आध्यात्मिक आयोजन के तहत श्रीमद्भगवद गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में बंदियों को मानसिक शांति, आत्मचिंतन और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करना रहा। इस मौके पर जिओ गीता के सदस्य विनोद छाबड़ा, श्यामलाल, आचार्य डा. मुरलीधर शास्त्री ने जिला जेल प्रशासन को गीता भेंट की। इसके उपरांत उन्होंने दी चिलचिलाती गर्मी से पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए मिट्टी के 100 सकोरे भी जिला जेल प्रशासन को भेंट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जेल उप अधीक्षक अनिल कुमार ने की। कार्यक्रम में गीता के श्लोकों का पाठ किया गया और उनके भावार्थ पर चर्चा की गई। गीता के उपदेशों के माध्यम से बंदियों को कर्म, धर्म, संयम, आत्मा और जीवन की सच्चाई से अवगत कराया गया। इस मौके पर आचार्य डा. मुरलीधर शास्त्री ने कहा कि गीता ना केवल एक धार्मिक ग्रंथ है, बल्कि यह जीवन जीने की एक संपूर्ण कला है, जो हर परिस्थिति में मनुष्य को मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि गीता में आत्मा की अमरता और संसार की क्षणभंगुरता का ज्ञान है। गीता हमें जीवन की कठिनाईयों को पार करने का हुनर सिखाती है। उन्होंने कहा कि महाभारत में अर्जुन की युद्धभूमि की दुविधा को दूर करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए, वे आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन ना केवल जेल परिसर में आध्यात्मिक वातावरण निर्माण का माध्यम बना, बल्कि बंदियों को आत्मोन्नति की राह दिखाने में भी सहायक सिद्ध हुआ।

# धरनारत छात्रों के प्रतिनिधिमण्डल के साथ राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मिलेंगे : सुरजेवाला

## राहुल गांधी व मल्लिकार्जुन खडगे करेंगे छात्रों से फोन पर बात



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 15 जून।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुई बर्बरता के विरोध में छात्रों को अपना समर्थन देने व घायल छात्रों का हाल-चाल जानने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला हिसार पहुंचे। उन्होंने धरनारत छात्रों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से छात्रों की मांगों के लिए प्रति उनके साथ खड़ी है।
रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि वे मुख्यमंत्री व राज्यपाल को पत्र लिखकर उनसे समय लेकर छात्रों के प्रतिनिधिमण्डल को उनसे मिलवाएंगे ताकि छात्रों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमण्डल में कांग्रेस नेता भी उनके साथ जाएंगे ताकि छात्रों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जल्द ही धरनारत छात्रों से फोन पर बात करेंगे, इसके लिए उन्होंने दो छात्रों के मोबाइल नम्बर भी लिए। राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे दोनों ही छात्र नेताओं से बात करेंगे तथा उनका हालचाल जानेंगे। युवाओं की लड़ाई संसद से लेकर सडक तक लड़ी जाएगी।
उन्होंने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार शिक्षा का व्यवसायीकरण करने पर तुली है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का 5000 करोड़ रुपये का बजट काट दिया गया है। जबकि प्रदेश के विश्वविद्यालयों के बजट में भी लगभग एक हजार करोड़ रुपये की कटौती की गई है। प्रदेश सरकार ने भी हकृवि, गुजवि, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के साथ-साथ सोनीपत की इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का भी बजट काट दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार कह रही है कि यूनिवर्सिटी सैल्फ फाइनेंस मोड पर काम करे। सरकार ऐसा करके युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने इस मामले में संबंधित अधिकारियों को तुरंत बर्खास्त करने व मामला दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री सम्पत सिंह, एआईसीसी सदस्य राजेश सन्दलाना, पूर्व जिला परिषद चेयरमैन बृजलाल बहबलपुरिया, धर्मबीर गोयत, धर्मबीर चेयरमैन, आनन्द जाखड़, सतपाल कुल्हडिया, सतेन्द्र सिंह, डॉ. रमेश पूनिया सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# पितृ दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** में आई हैल्प' ग्रुप द्वारा अग्रवाल धर्मशाला झांसा मे पितृ दिवस एंव वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। कैंप में डाक्टर विश्वजीत की अगुवाई में जीएमसीएच सेक्टर 32 चंडीगढ़ की टीम रक्त एकत्रित करने के लिए पहुंची। इस मौके पर 93 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि गांव झांसा के सरपंच पवन गाबा रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान का कार्य सबसे महान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा किया रकतदान तीन लोगों की जिन्दगी बचाता है। कैम्प में आए सभी अतिथियों को पौधा देकर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया गया। कैंप के इंचार्ज भवदीप मॉड और साहिल जसूजा रहे। उपप्रधान परविंदर सिंह ने बताया कि ग्रुप निरन्तर रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान दे रहा है। इस मौके पर ग्रुप टीम के सदस्य करन कटारिया, मलकीत सिंह, वरूण जसूजा, अकी राय, संजीव गर्ग, डॉक्टर संत, बिट्टू अनेजा, नीरज सिंगला, सौरव गर्ग, परविन्द्र सिंह और उमेश वर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# जननायक जनता पार्टी ने कुरुक्षेत्र में भी की सदस्यता अभियान की शुरूआत



हरियाणा वाटिका/एकजोत
कुरुक्षेत्र, 15 जून। जननायक जनता पार्टी ने पार्टी सदस्यता अभियान की शुरूआत की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हज कमेटी चेयरमैन मोहसिन चौधरी एवं पूर्व विधायक खरखोदा रमेश खटक रहे और मीटिंग की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने की। पार्टी प्रभारी मोहसिन चौधरी एवं रमेश खटक ने बताया कि आज पार्टी ने पूरे हरियाणा में एक साथ सदस्यता अभियान की शुरूआत की है और पार्टी की रूप रेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि पार्टी का आधार पार्टी के सदस्यों पर ही होता है। पार्टी के जिला प्रभारी ने अपने सम्बोधन में कार्यकताओं को पार्टी की रीढ़ की हड्डी बताया। कुलदीप जखवाला ने कहा कि पार्टी के सदस्य अभियान में सभी हल्का प्रधान सभी कार्यकताओं के पास जाकर सदस्य बनाने का काम करे और पार्टी को मजबूत करे। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक हल्का अध्यक्ष थानेसर योगेश शर्मा ने पूर्व वीसी अजमेर सिंह मलिक का अनुशासन समिति के अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया। उन्होंने प्रभारी और सभी कार्यकताओं का स्वागत करते हुए जल्द से जल्द पार्टी में नए सदस्य और साथियों को जोड़ने का भरोसा दिलाया।

# प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए योग मैराथन बनी एक संकल्प यात्रा : नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को दी हरी झंडी, मुख्यमंत्री ने खुद धावकों पर की पुष्प वर्षा

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में प्रदेश भर से हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश और खरोस के साथ दौड़ लगाकर एक नए आयाम को स्थापित किया है। इस सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा बनाने का प्रयास किया है। इस प्रदेश के होनहार युवा नशे की चपेट में आ जाए तो उनका शरीर खराब होता ही है, साथ में राष्ट्र की संपत्ति को भी नुकसान होता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिण गेट पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन में सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, महानिदेशक संजीव वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी व उपायुक्त नेहा सिंह ने राज्य स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वयं योग मैराथन के धावकों पर पुष्प वर्षा भी की है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की राज्य स्तरीय योग मैराथन में महिलाओं





और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को पुरस्कार के रूप में 3 लाख 46 हजार रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किये। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया है। इस मैराथन ने योग, खेल, संस्कृति और पर्यावरण चेतना को नई उंचाई दी है।

**योग को जीवन में उतरने की जरूरत**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून को पवित्र स्थल ब्रह्मसरोवर के तट पर योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ योग करने का सौभाग्य मिलेगा। जिसके लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन भी करवाए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम से 6 दिन पहले आज योग मैराथन का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों युवाओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन एक घंटा अपने शरीर के लिए अवश्य निकालना चाहिए, जो व्यक्ति हृष्ट पुष्ट होगा। वह नई ऊर्जा के साथ काम करेगा। इससे काम की गति बढ़ेगी। योग को हमें अपने जीवन में उतरने की जरूरत है।

**21 जून को 2500 स्थानों पर विभिन्न संस्थाएं लगाएंगे योग शिविर**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि योग जागरण यात्रा 19 जून तक प्रदेश के 5 हजार गांवों तक पहुंचकर लोगों को योग के प्रति जागरूक करेगी। पतंजलि योग पीठ, भारतीय योग संस्थान, ब्रह्माकुमारी और आर्ट आफ लिविंग जैंसी संस्थाएं 21 जून को प्रदेश में 2500 स्थानों पर योग शिविर आयोजित कर रही हैं। हरित योग अभियान के तहत 21 जून तक 10 लाख औषधीय पौधे बांटे और लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब कार्यालय में 5 मिनट का वाई-ब्रेक भी शुरू किया गया है ताकि कर्मचारी तनाव मुक्त रहें। महानिदेशक संजीव वर्मा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए राज्य स्तरीय योग मैराथन के साथ-साथ खेल विभाग की तमाम उपलब्धियों और सरकार की तरफ से खिलाड़ियों के लिए तैयार की जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस राज्य स्तरीय योग मैराथन के लिए 10 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया था। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, धर्मवीर डागर, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, नगर परिषद चेयरपर्सन माफी ढांडा, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, गुरनाम सैनी, रविन्द्र सांगवान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आई हेट पॉलिथीन मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वनिता ढींगरा व प्रो. प्रोमिला ने कहा कि प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। सभी को इस मुहिम में एकजुट होकर योगदान देना होगा, तभी हम पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त कर पाएंगे। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के ट्रस्टी विवेक शर्मा ने उपस्थित सभी महिलाओं को पॉलिथीन का उपयोग न करने को कहा कि हमे अपने दैनिक जीवन मे खुद भी व पड़ोस मे रहने वाले सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने के प्रति जागरुक करना है। सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व वालंटियर जय कुमार ने वहा पर उपस्थित सभी को पोलीथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई की "हम यह शपथ लेते हैं कि आज के बाद अपने घर में पोलीथीन का प्रयोग नहीं करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि अपनी दिनचर्या में पोलीथीन का प्रयोग न करके एक दिन अपने वातावरण को पॉलीथिन मुक्त कर देंगे। इस अवसर पर तेजस मित्तल, नीरू देवी, सुनीता देवी, मीना, रेखा, वॉलंटियर अक्ष्य जैन व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व संगठन सचिव नरेश शर्मा ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पॉलिथीन के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से हरियाणा के दस जिलों में अभियान चलाने का संकल्प लिया, ताकि समाज को प्रकृति की रक्षा के लिए प्रेरित किया जा सके। सेवा ट्रस्ट थानेसर के कोआर्डिनेटर राजेश सैन व सुमंत सैनी ने कार्यक्रम मे आए हुए सभी जन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा ट्रस्ट द्वारा अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी महिलाओं को डाबर रियल जूस व अन्य सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया।

### तुषार सैनी की नियुक्ति हर कार्यकर्ता को पंख लगाएगी : कटारिया

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कोआर्डिनेटर के पद पर तुषार सैनी की नियुक्ति पार्टी संगठन में कार्य कर रहे हर कार्यकर्ता को आगे बढ़ने के अवसर और नई उड़ान के लिए पंख लगाने का कार्य करेगी। आज कुरुक्षेत्र



अपने कार्यालय में तुषार सैनी को मुंह मीठा करवा कर शुभकामनाएं देते हुए सूरजभान कटारिया ने कहा है कि पार्टी में कार्य कर रहे हर कार्यकर्ता का सपना होता है कि वह मंडल, जिले और प्रदेश योजना में कार्य करें इसके बाद कार्यकताओं की मेहनत से बनने वाली सरकार में रहकर भी जन सेवा के कार्य को आगे बढ़ाएं। तुषार सैनी की नियुक्ति हर कार्यकर्ता में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति को आगे बढाती है।

### सीएनजी पिकअप और दुग्ध वाहन की टक्कर-ओवरटेक करते समय हादसा पिकअप में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार/हांसी, 15 जून।** सुबह सीएनजी पिकअप और दुग्ध गाड़ी में टक्कर हो गई। हांसी क्षेत्र में सोरखी और गढ़ी के बीच सडक पर फरीदाबाद से आ रही एक सीएनजी पिकअप गाड़ी दुग्ध गाड़ी को ओवरटेक करते समय टकरा गई, जिसके बाद पिकअप में भीषण आग लग गई। हादसा इतना भयानक था कि कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई।

गनीमत यह रही कि हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर समय रहते गाड़ी से बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। आग की लपटों ने हालांकि वाहन को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में घायल हुए पिकअप ड्राइवर की पहचान पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब जिले के गांव समेवाल निवासी 32 वर्षीय रंजीत सिंह के रूप में हुई है। वह फरीदाबाद से अपने गांव जाने के लिए पिकअप लेकर निकला था। हादसे के बाद डायल 112 पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को गंभीर हालत में हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया।

# नारी शक्ति सम्मान से नवाजी गई ममता सूद, हिमशिखा व एकजोत

## महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर मानव मित्र मण्डल ने किया नारीशक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर मानव मित्र मंडल ने नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन एक निजी स्कूल में किया। मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रो. राम रतन शर्मा के आशीर्वाद से आयोजित इस समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि साध्वी लक्ष्मी देवी, अध्यक्षा ममता शर्मा एवं मानव मित्र मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों ने महारानी लक्ष्मी बाई के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र की ओर से समाजसेवी नारी शक्ति ममता सूद, हिमशिखा, एकजोत कौर, सुदेश कुमारी, निर्मल दहिया, मोनिका शर्मा, सिम्मी गुप्ता, दिव्या, विशाखा, राजबाला, गुरजिंदर कौर, डॉक्टर अर्चना शर्मा एवं बहन अमर आदि को नारी शक्ति सम्मान एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यूपीएससी परीक्षा 2024 में 245वां रैंक प्राप्त करने वाले कुरुक्षेत्र निवासी साहिल धनखड़ एवं डॉ कनन शर्मा को विशेष सम्मान देकर अलंकृत किया गया। साथ ही सरकारी विद्यालयों के 11 मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि साध्वी लक्ष्मी देवी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज महिलाएं



अत्याचार एवं शोषण का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को जागरुक करते हैं और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करते हैं। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम पूरी दुनिया की मातृशक्ति के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है।

कार्यक्रम अध्यक्षा ममता शर्मा ने कहा कि जीवन मे शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिसके बल पर हम जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त कर समाज के लिए हितकारी कार्य भी कर सकते हैं एवं एक अच्छे इंसान बन सकते हैं। इस दौरान छात्रा प्राची, प्रीति, सानवी, अनुष्का, राशि एवं आंचल ने नारी शक्तिकरण पर मनमोहक कविताएं प्रस्तुत की। मण्डल की उपाध्यक्ष डॉ अनीता गोयल ने संस्था का संक्षिप्त परिचय प्रदान किया और मंडल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। मंडल के महासचिव नरेश सैनी एवं कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने अतिथियों का अभिवादन एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम संयोजक भारतेन्दु हरीश ने कहा की मण्डल का उद्देश्य जरुरतमन्द मेधावी छात्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार स्वावलंबन एवं सेवा से परिपूर्ण करना है, ताकि वे स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बन कर समाज को कुछ देने के सिद्धांत की ओर प्रेरित हों। डॉ अनीता नैन ने कार्यक्रम में मंच का समयबद्ध एवं बखूबी संचालन किया। मंडल की वरिष्ठ सदस्य रुमन गुप्ता ने अतिथियों का आभार ज्ञापन करते हुए कहा कि विभिन्न स्कूलों से आए मेधावी छात्र व उनके अभिभावक एवं नारी शक्ति का शुभागमन ही हमारे आयोजन की सफलता है। कार्यक्रम में मण्डल की वरिष्ठ सदस्य राजकुमारी पंवार, सतपाल कल्याण, एमएल शर्मा, एडवोकेट बलबीर शर्मा, सतपाल शर्मा, प्रवीण कुमार, वीरेंद्र कुमार, अंजलि, परमजीत, तेजपाल, पारस, ललित, नसीब, तमन्ना, वंशिका, राज कुमार एवं पुनीत सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।

# अनुसूचित जाति सब-प्लान के लिए एक विशेष एक्ट बनाया जाए: रीना वाल्मीकि

## आल इंडिया अंबेडकर महासभा ने अनुसूचित जातियों के लिए बजट आवंटन की मांग की

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** आल इंडिया अंबेडकर महासभा ने प्रदेश सरकार से अनुसूचित जातियों का विकास सुनिश्चित करने के लिए जनसंख्या के अनुपात में बजट आवंटन की मांग की है। महासभा की प्रदेश अध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को आग्रह करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति सब-प्लान के लिए एक विशेष एक्ट बनाया



जाए। उन्होंने कहा कि इस एक्ट के माध्यम से संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार बजट का आवंटन किया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अनुसूचित जातियों के लिए आवंटित 100% धनराशि केवल उनके विकास पर खर्च की जाए। रीना वाल्मीकि ने सरकार पर आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार की दलितों के प्रति मंशा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की स्कॉलरशिप हड़प ली है और विकास के लिए आवंटित बजट को जानबूझ कर अन्य कार्यों में डायवर्ट किया है। महासभा ने यह भी कहा कि यदि कोई अधिकारी इस फंड को अन्य कार्यों के लिए डायवर्ट करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए क्योंकि ऐसा करना अपराध की श्रेणी में आता है।

# इंग्लैंड के साथ मिल कर मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव : नायब सिंह सैनी

## पंजाब की जनता पहले कांग्रेस से तंग थी अब आम आदमी पार्टी से हो गई महा तंग : नायब सैनी

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 15 जून।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस बार इंग्लैंड के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को मनाया जाएगा। हर वर्ष अलग-अलग देश में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस बार गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज इंग्लैंड में इसी विषय पर चर्चा के लिए गए हैं। हर बार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में अलग देश को शामिल किया जाता है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर राष्ट्रीय गीता जयंती कार्यक्रम में लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। इस पवित्र ग्रंथ गीता को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के प्रयासों को भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को ब्रह्मसरोवर पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में ब्रह्मसरोवर पर आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन के ऐतिहासिक और सफल



आयोजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता पहले कांग्रेस से तंग थी और अब आम आदमी पार्टी से महा तंग हो चुकी है। इन दोनों सरकारों से तंग होने के बाद जनता ने अब पंजाब में भी कमल खिलाने का मन बना लिया है, क्योंकि दोनों की पार्टियों ने पंजाब की जनता को सिर्फ सजगबाग दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने केवल खुद के विकास के लिए काम किया है। उन्होंने जनता के बारे में कुछ करना तो दूर उनके बारे में अच्छा सोचा तक नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के राज की कानून व्यवस्था को भलीभांति जानती हैं। अब प्रदेश में कानून व्यवस्था सुधीर है। जहां भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन होता है, वहां पर पुलिस जांच करके आरोपी के खिलाफ सख्त एक्शन लेती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर शोक प्रकट करते हुए प्रार्थना की कि भगवान दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में जगह दे। उन्होंने कहा कि घटना कब घट जाए, यह इंसान के बस की बात नहीं है। इस दुर्घटना में हमारे जिला की बेटी की भी जान गई है, जोकि बहुत ही दुखद समाचार है। ऐसे समय में पीड़ित परिवारों के हर तरह के सहयोग के लिए सरकार साथ खड़ी है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, धर्मवीर डागर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डा. जयदीप आर्य, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, भाजपा नेता सुभाष कलसाना सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### :युवक फंदे से पेड़ पर लटका मिला-9 दिन से लापता था, परिजनों का हत्या कर लटकाने का आरोप

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**
**हिसार, 15 जून।** एक युवक का शव पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। यह घटना रविवार सुबह रावलवास खुर्द गांव की है। इसकी सूचना मृतक युवक के परिजनों को दी गई। कुछ ही देर में गांव में सनसनी फैल गई और वहां पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर बालसमंद चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पेड़ से नीचे उतारा।

सूत्रों के अनुसार युवक के शव को काफी दिन बीत गए थे, जिस कारण बॉडी पूरी तरह से सूखकर काली हो चुकी है। ऐसे में चेहरे से पहचान कर पाना भी मुश्किल हो गया है। फिलहाल पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल में ले गई है। मृतक की पहचान करीब 19 वर्षीय अंकित के रूप में हुई है। मृतक के परिजन और ग्रामीणों के अनुसार, इस घटना को हत्या से जोडकर भी देखा जा रहा है। पुलिस भी हर एंगल से जांच कर रही है।

### तीन दिवसीय किसान चिंतन शिवर मे भाग लेंगें किसान यूनियन से जूडें किसान: सुभाष



**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**
**रादौर, 15 जून।** भारतीय किसान यूनियन की अहम बैठक जिला कार्यालय गांव धौडंग में प्रदेश उपाध्यक्ष दीपराणा की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर रादौर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक डांगी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि प्रतिवर्ष 16 जून से 18 जून हरिद्वार मे लगने वाले किसान चिंतन शिवर में यमुनानगर से सैकड़ो किसान शामिल होंगे। आज रादौर कार्यकारिणी की विशेष बैठक में फैसला लिया गया कि पूरे जिला से 17जून को सुबह 8 बजे किसान अपनी गाडि?ों का काफिले के साथ किसान हरिद्वार चिंतन शिवर में भाग लेंगे। गुर्जर ने बताया कि शिवर मे पंजाब,हरियाणा,बिहार मध्यप्रदेश,राजस्थान दिल्ली,उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश तथा उत्तर भारत से लाखों किसान शामिल होते हैं।और प्रदेश अध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में भी हरियाणा से हजारों किसान इसमें शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह शिवर बाबा स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत के समय से लगता है इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत,राकेश टिकैत तथा राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह सहित राष्ट्रीय किसान नेता शामिल होंगे।इस पर किसानों के अहम मुद्दों पर गहनता से विचार किया जाएगा। इसमें हर प्रदेश के किसानों की समस्याए और संगठन को मजबूत और विस्तार करने पर भी चर्चा की जाएगी। बिजली कार्यालय रादौर में कल किसान इकठ्ठे होकर प्रदर्शन करेगें। इस मौके पर महेंद्र कांबोज चमरौडी मंडल उपाध्यक्ष, यादविंदर कांबोज जयपुर जिला उपाध्यक्ष,अशोक डांगी,मदनलाल कांजनु बिजेंदर राणा गोलनी, पवन गोयल दामला विनोद डांगी,उदय सिंह कुजंल,साहिल सेतिया सहित मौजूद रहे।

### गुरुद्वारा साहिब से पैसे और आभूषण चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**
**रादौर, 15 जून।** गुरुद्वारा साहिब झींवरेहड़ी से पैसे और आभूषण चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी को कोर्ट में



पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि अपराध शाखा -1 के इंचार्ज वीरेंद्र वालिया की टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक आरोपी अंबाला के खान अहमदपुर बस स्टैंड पर बाइक पर घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सुखदेव सिंह, एएसआई विनोद, संदीप, रवि कुमार, बलजिंदर, अमरजीत की टीम का गठन किया गयाद्य टीम ने मोके पर जाकर बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान राजस्थान के जिला गंगानगर के गांव सतसीसी निवासी कर्मजीत उर्फ संदीप के नाम से हुई। आरोपी से पूछताछ में गुरुद्वारा साहिब में चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। झिवहरेड़ी गांव में गुरुद्वारा साहिब है गुरुद्वारा के संत कश्मीर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी कि वह रात को सोने के लिए चला गया और करीब 11 लाख 80 हजार नगदी, 20150 विदेश करंसी, 500 अमरीकन डॉलर, 150 यूरो, सोने के कड़े, 14 सोने की अंगुढी, चांदी व एक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में जांच की और केस दर्ज कर मामले की जांच कर अरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

# बचपन



## बायां कान छू लिया तो हो गया एडमिशन



बहुत साल पहले की बात है। उस समय में जन्मदिन तिथियों के तौर पर याद रखे जाते थे। तिथियां बदलती थीं तो बच्चे की ठीक-ठीक आयु बता पाना मुश्किल होता था। अब स्कूल कब भेजें, किस उम्र में, यह सवाल उठा, तो हमारे ज्ञानी गुरुजनों ने इसका एक तरीका निकाला। स्कूल में दाखिले के समय बच्चे से कहा जाता कि अपने दाएं हाथ को सिर के ऊपर से ले जाते हुए बायां कान छुओ। अगर बच्चा ऐसा कर पाता तो उसे दाखिला मिल जाता। यह मामूली टेस्ट नहीं है। समझदारी का बिलकुल सरल परीक्षण है।

बच्चे की समझ और उसके शरीर व मस्तिष्क की परिपक्वता को देखते हुए ही उसका किसी स्कूल में दाखिला कराया जाता था। समझ को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग क्लासेस होती हैं। केजी 1, केजी 2, फिर पहली कक्षा और इसी तरह दूसरी, तीसरी और आगे की तमाम कक्षाएं।

दरअसल, कक्षाओं पर आधारित शिक्षा का मकसद होता है कि विद्यार्थी जो भी सीखें उसे एक सिलसिलेवार तरीके से सीखें। अलग-अलग कक्षा के होने से हमें उसी के अनुरूप या फिर यूं कहें कि समकक्ष संगी-साथी मिलते हैं। सोचो, अगर आपको पहली कक्षा में न बैठाकर सीधे आठवीं या दसवीं कक्षा के विद्यार्थी के साथ बैठा दिया जाए तो कैसा लगेगा? विभिन्न कक्षाओं के होने से कोई भी बच्चा क्रमश धीरे-धीरे चीजों को सीखता है। कक्षाएं होने से विद्यार्थी की समझने की क्षमता के अनुरूप ही विषय सामग्री बनाई जाती है, ताकि उस विषय सामग्री यानी किताबें, कोर्स आदि उस दरे के बच्चे को समझने में दिक्कत न करें। कक्षाओं के होने से आपको एक फायदा भी है। आपके पड़ोस में रह रहे राहुल को भी वहीं चीजो पढ़नी होती हैं। भले ही वो आपसे पढ़ने में कितना ही तेजी से क्यों न हो। इस तरह आप अपनी ही आयु के अन्य बच्चों से काफी कुछ सीख भी सकते हैं। अपनी ही आयु के बच्चों के साथ एक क्लास में बैठने से खुद को सहज भी महसूस करते हैं। यानि क्लास रूप वो स्थान है जहां सभी एक आयु के, एक-सा कोर्स पढ़ने वाले और एक सी ही परीक्षा देने वाले, कोई बड़ा-छोटा नहीं, कोई भेदभाव नहीं।

## पेड़ पौधे भी देते हैं सीख



प्रकृति में पेड़-पौधे, सूरज, हवा, हिमकण और सितारें सब शामिल हैं। ये सभी हमें जीवन देते हैं। इनका वजूद हम सबके अस्तित्व के लिए बहुत जरूरी है। इस बात से तो आप भी इत्तेफाक रखते ही होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये भी हमें बहुत कुछ सिखाते हैं। बिना कुछ कहे ही ये हमें सब कुछ बताते हैं बस जरूरत है तो उन्हें समझने की।

धरती को हरी-भरी बनाने के साथ हमें ऑक्सीजन की सौगात देते हैं, जिसे हम प्राणवायु कहते हैं।



पेड़-पौधे अपने भोजन की स्वयं ही व्यवस्था करते हैं। मिट्टी से पोषक तत्व और पानी को सोखते हैं और फिर सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा लेकर, भोजन बनाते हैं। आप इनसे आत्मनिर्भर बनने की सीख ले सकते हैं।

पेड़ की छांव तेज धूप में आपको शीतलता प्रदान करती है। वहीं इसके फल बहुत मीठे और रसीले होते हैं। पेड़ के फल तो आपके और हमारे लिए ही होते हैं। इस तरह से ये हमें सुरक्षा और परोपकार की सीख देते हैं।

इनकी सबसे बड़ी खासियत यह होती है कि ये चाहें कैसे भी टेढ़े-मेढ़े हों, दूसरे पेड़ ही तरह नहीं बनने की कोशिश करते। यानी इन्हें खुद पर और अपनी काबलियत पर नाज होता है। यानि आप जो भी हो जैसे भी हो, वही रहना चाहिए। आत्मविश्वास से भरपूर बने रहना चाहिए। ये कुछ भी बर्बाद नहीं करते, अपने पोषक तत्वों को धरती से सोख लेते हैं। समय को बिना गंवाए अपने विकास के लिए लगातार लगे रहते हैं। पेड़ो से आप ये चार चीजें और भी सीख सकते हैं। ऑक्सीजन आपको जीवन देती हैं परन्तु यदि आपमें आत्मनिर्भता, सुरक्षा जैसे गुण आ जाएं तो आप अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

### पहेलियां

1. मुझमें भार सदा ही रहता
   जगह घेरना मुझको आता
   हर वस्तु से गहरा रिश्ता
   हर जगह मैं पाया जाता।
2. ऊपर से नीचे बहता हूं
   हर बर्तन को अपनाता हूं
   देखो मुझको गिरा न देना
   वरना कठिन हो जाएगा
   भरना।
3. लोहा खींचू ऐसी ताकत है
   पर रबड़ मुझे हराता है
   खोई सूई मैं पा लेता हूं
   मेरा खेल निराला है।

**उत्तर**
1. गैस, 2. द्रव्य, 3. कांच

## जैरी भाग, टॉम आया, टॉम बच, जैरी आया


**टॉम हो या जैरी, दोनों एक-दूसरे के पीछे पड़े रहते हैं। दोनों किसी का कुछ बिगाड़ना नहीं चाहते, बस, छीनना चाहते हैं, तो एक-दूजे का सुकून। यानि बस तंग करना ही मकसद है। इनके खेल बड़े मज़ेदार होते हैं।**

**आपको भी पंसद हैं न। तो चलिए, कुछ जानते हैं इनके बारे में** -



गर्मी के दिन थे। जैरी अपने घर में चादर ओढ़े आराम से सो रहा था। तभी उसके नाक में पनीर की खुशबू ने प्रवेश किया। पनीर उसे बहुत पसंद था, वह पलंग से उछल पड़ा और उस दिशा में चल पड़ा, जहां से खुशबू आ रही थी। अपने घर के छोटे-से दरवाजे से निकलते ही उसे सामने पनीर का एक बड़ा टुकड़ा दिखाई दिया। वह खुशी से उछल पड़ा, हुर्रर्र..। उसके मुंह से लार टपकने लगी। जैसे ही उसने टुकड़े की ओर हाथ बढ़ाया, वैसे ही पीछे से टॉम ने उसे पकड़ लिया। जैरी समझ गया था कि टॉम ने ही उसे पनीर का लालच देकर फंसाया है। टॉम ने जैसे ही जैरी को खाने के लिए अपना मुंह खोला, जैरी ने उसके मूंछों के बालों को ज़ोर से खींच दिया। दर्द के कारण जैरी के हाथों से टॉम छूट गया। जैरी भागा और टॉम भी उसके पीछ-पीछे भागा। इस तरह फिर से शुरू हो गया चूहे-बिल्ली का वह खेल, जिसके करोड़ो बच्चे दीवाने हैं।

### टॉम एंड जैरी का जन्म



जोसफ बारबेरा बैंकिंग हमेशा कागज़ों पर आड़ी-तिरछी लकीरें खींचकर लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश किया करते थे। हालांकि, उनका मकसद बैंकिंग के क्षेत्र में काम करने का था लेकिन उनको कार्टून बनाने का भी काफी शौक था। उनके कार्टून जल्द ही पत्र-पत्रिकाओं में छपने भी लगे। 1930 के दशक के आखिरी में मैट्रो गोल्डवेन मेयर फिल्म स्टूडियो में उनकी मुलाकात हाना से हुई। इसी मुलाकात में दोनों ने एक ऐसा कार्टून सीरियल बनाने का सोचा, जो एक घरेलू बिल्ली और एक चूहे के बीच लगातार चलने वाली दुश्मनी पर केन्द्रित हो। इसी सोच के साथ उन्होंने टॉम एंड जैरी कार्टून पात्रों को छोटे पर्दे पर साकार किया।

जोसेफ-हाना की जोड़ी ने 17 साल के सफर में टॉम एंड जैरी सीरीज़ के लिए सात ऑस्कर पुरस्कार हासिल किए और कुल 14 बार इन्हें पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया।



### मज़ेदार है चूहे-बिल्ली की यह खेल

एक शरारती चूहा और एक खुराफाती बिल्ली, अगर एक ही घर में हों, तो दिलचस्प घटनाओं की भरमार हो जाती है। टॉम एंड जैरी के द्वारा एक दूसरे का पीछा करने और आपसी लड़ाई में हास्यास्पद भिड़ंत शामिल है। इसी कारण 70 सालों से लेकर आज तक यह दुनियाभर में न केवल बच्चों द्वारा बल्कि उनके अभिभावकों द्वारा भी पसंद किया जाता है। भारत में इसकी लोकप्रियता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि टॉम एंड जैरी के कार्यम हिंदी के साथ ही अंग्रेजी, तमिल और तेलुगू भाषाओं में भी प्रसारित किए जाते हैं।

आखिर यह भाग-दौड़ क्यों?

प्रत्येक कार्टून फिल्म की कहानी आमतौर पर जैरी को पकड़ने के लिए टॉम के अनगिनत प्रयासों और उसके कारण हुई हाथापाई और दौड़ा-भागी पर आधारित होती है। इनको देखकर यह समझना मुश्किल है कि आखिर ?यों टॉम, जैरी का इतना अधिक पीछा करता है। कार्टून को देखकर जो अंदाज़ा लगाया जा सकता है, उसके हिसाब से कुछ कारणों में एक बिल्ली का एक चूहे के साथ बैर, अपने मालिक के आदेश का पालन, टॉम को सौंपे गए कार्यों को जैरी द्वारा बिगाड़ने की कोशिश, जैरी द्वारा टॉम के मालिक का भोजन खा जाना, जिसकी निगरानी का जिम्मा टॉम को सौंपा गया है, दूसरे को चिढ़ाने की भावना, जेरी द्वारा टॉम के अन्य संभावित शिकारों (जैसे कि बतख, चिड़िया या मछली) को खाए जाने से बचाना, दूसरी बिल्ली से प्रतिस्पर्धा आदि शामिल हैं।

### थोड़ी तकरार-थोड़ा प्यार

ऐसा नहीं है कि यह जोड़ी हमेशा लड़ाई ही करती रहती है, कभी-कभी ये दोनों वास्तव में एक-दूसरे के साथ अच्छी तरह व्यवहार करते भी दिखाई देते हैं। 'जैरी एंड द लॉयन' में जब जेरी को एक शरारत सूझती है और वह मरने का नाटक करने लगता है, जिससे कि टॉम यह सोचे कि उसने जैरी को गोली मार दी है। जैरी को लेटा देखकर टॉम प्राथमिक चिकित्सा किट लेकर दौड़ता हुआ आता है। इससे पता चलता है कि टॉम और जैरी में तकरार के बाद भी प्यार छिपा हुआ है। साथ ही दिलचस्प बात यह है कि कई सारे चित्रों में भी टॉम तथा जैरी एक दूसरे पर मुस्कुराते हुए दिखाए गए हैं, जो प्रत्येक कार्टून में दूसरे पर प्रदर्शित अत्यधिक झुंझलाहट के बजाय प्यार-तकरार का रिश्ता अंकित करता है।

जैरी की चालाकी और किस्मत की वजह से टॉम शायद ही कभी जैरी को पकड़ने में सफल हो पाएगा, लेकिन इतना तो अवश्य है कि इन दोनों के दौड़-भाग का यह खेल हमेशा लोगों को गुदगुदाता रहेगा।

### टॉम एंड जेरी कौन हैं?

टॉम का असली नाम थॉमस है, जो कि नीली-स्लेटी आंखों वाला ब्रिटिश घरेलू बिल्ला है। जैरी भूरे रंग का छोटा-सा चूहा है। शुरुआती कहानियों में टॉम का नाम जैस्पर और जैरी का जिंक्स था। टॉम को गुस्सा जल्दी आता है, जबकि जैरी अवसरवादी और खुशदिल है। वैसे तो कहा जाता है कि बिल्लियां बड़ी चालाक होती हैं, लेकिन टॉम और जैरी की कहानी में टॉम की हर फुर्ती को जैरी का दिमाग बड़ी आसानी से हरा देता है। हालांकि, हर कहानी में जीत जैरी की होती है लेकिन कहीं अगर जैरी अपनी सीमाएं तोड़ देता है, या कहीं किसी बुराई का साथ दे बैठता है, तो टॉम की विजय भी होती दिखाई देती है।

मनोविज्ञानी कहीं-कहीं इस चूहे-बिल्ली की कहानी को महज़ शरारत नहीं मानते। यह दूसरे को नुकसान पहुंचाने की कहानी भी बन जाती है। उनका कहना है कि बच्चों को सिर्फ शो का मज़ा लेना चाहिए। किसी भी तरह से ऐसे खेलों को अपने दोस्तों या बच्चों के साथ नहीं खेलना चाहिए। टॉम एंड जैरी के खेल काल्पनिक हैं, इनकी नकल करना घातक हो सकता है।




## जाने डॉल्फिन के बारे में

डॉल्फिन को हम अक्सर मछली कहते है परन्तु वास्तव में डॉल्फिन एक मछली नहीं है। वह तो एक स्तनधारी प्राणी है। जिस तरह व्हेल एक स्तनधारी प्राणी है वैसे ही डॉल्फिन भी इसी कैटेगरी में आती है। यह एक छोटी व्हेल की ही तरह है। डॉल्फिन का रहने का ठिकाना संसार के समुद्र और नदियां हैं।

डॉल्फिन को अकेले रहना पसंद नहीं है यह सामान्यतः समूह में रहना पसंद करती है। इनके एक समूह में 10 से 12 सदस्य होते हैं। हमारे भारत में डॉल्फिन गंगा नदी में पाई जाती है लेकिन गंगा नदी में मौजूद डॉल्फिन अब विलुप्ति की कगार पर है। डॉल्फिन की एक बड़ी खासियत यह है कि यह कंपन वाली आवाज निकालती है जो किसी भी चीज से टकराकर वापस डॉल्फिन के पास आ जाती है।

इससे डॉल्फिन को पता चल जाता है कि शिकार कितना बड़ा और कितने करीब है। डॉल्फिन आवाज और सीटियों के द्वारा एक दूसरे से बात करती हैं। यह 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तैर सकती है। डॉल्फिन 10-15 मिनट तक पानी के अंदर रह सकती है लेकिन वह पानी के अंदर सांस नहीं ले सकती। उसे सांस लेने के लिए पानी की सतह पर आना पड़ता है।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495, ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।